हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 15 अक्टूबर, 2025


तापमान
अधिकतम 31.9 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री


14 दीपावली से पहले निगम कर्मचारियों को मिला उपादान राशि का तोहफा





15 डॉ. अंबेडकर ने दी धम्म को गति : डोंगरे











## खबर संक्षेप



### गोल मार्केट के पास रोड पर कब्जा, नोटिस

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 2 वैशाली नगर अंतर्गत रोड चौड़ीकरण, अवैध कब्ज़ा सहित निर्माणाधीन रोड का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त येशा लहरे ने रानी अवंति बाई चौक में रोड चौड़ीकरण का कार्य प्रस्तावित है, जिसका स्थल निरीक्षण किया गया। स्वीकृति पश्चात उक्त कार्य कराया जाएगा। वैशाली नगर गोल मार्केट कन्या शाला के पास रोड चौड़ीकरण किया जाना है, रोड के समीप कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्ज़ा किया गया हैं, उनको नोटिस जारी करने निर्देशित किया गया है। रामनगर मुक्तिधाम के पास निर्माणाधीन सीमेंटीकरण रोड का निरीक्षण किया गया, निर्माणकर्ता एजेंसी को कार्य अविलम्ब पूर्ण करने निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविन्द शर्मा, उप अभियंता अर्पित बंजारे उपस्थित रहे।

### सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि पुरानी बस्ती कोहका निवासी शंभुनाथ मैटी के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने करीब 6 लाख रुपए का सामान पार कर दिया है। घटना के समय पीड़ित की पत्नी चेकअप कराने अस्पताल गई हुई थी। वापस लौटकर आने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान के भीतर जाकर देखने पर आलमारी में रखे हीरे की अंगुठी, सोना चांदी के कई जेवरात गायब मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है। स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र में चोरी की वारदाते बढ़ गई है। जिसके चलते लोगों का मकान सुरक्षित नहीं है। उक्त मकान में मंगलवार सुबह चोर ने धावा बोलकर घटना को अंजाम दिया। लेकिन आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में फुटेज नहीं मिल पाया।

पिछले सप्ताहभर के औचक निरीक्षण में दो दर्जन से अधिक शिक्षक मिले अनुपस्थित

# कैसे सुधरेगी शिक्षा : स्कूलों में चल रहा शिक्षा गुणवत्ता अभियान, ज्यादातर शिक्षक गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सरकारी स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया जा रहा है। सामाजिक अंकेक्षण का दौर जारी है। इधर स्कूलों की औचक निरीक्षण करने पर बड़ी संख्या में टीचर गायब मिले हैं। ऐसी स्थिति में शिक्षा गुणवत्ता की सुधार की उम्मीद कैसे की जा सकती है। राज्य स्तर से डीपीआई से भी उच्च अधिकारी इस अभियान की मानिटरिंग के लिए दुर्ग जिले में लगातार दौरा कर रहे हैं। मैदानी अमला का बैठक लेकर हिदायत दी जा रही है लेकिन टीचरों की लापरवाही पर रोक नहीं लग पा रही है।




### इन मामलों से जानिए टीचरों की स्थिति

**केस वन :** 9 अक्टूबर को दुर्ग व धमधा ब्लॉक के औचक निरीक्षण के दौरान 12 शिक्षक गैरहाजिर मिले थे।जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धमधा, शासकीय प्राथमिक शाला धमधा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाल धमधा, सेजेस हिन्दी माध्यम कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला धमधा के टीचर शामिल हैं।

**केस दो :** 13 अक्टूबर को आधा दर्जन सेजस स्कूलों में निरीक्षण हुआ। निरीक्षण के दौरान ज्यादातर स्कूलों में कई स्कूलों में बच्चे कक्षा के अनुरूप नहीं मिले। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने बच्चों से जब सवाल-जवाब किए तो इसका खुलासा हुआ। विषय शिक्षक को निर्देशित कर चले आए । स्कूलों में पढ़ाई में कमी पाई गई।

**केस तीन:** 20 सितंबर को डीपीआई उप संचालक आशुतोष चावरे ने दुर्ग व पाटन ब्लॉक के पांच स्कूलों में आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मैदानी मानिटरिंग अमले की बैठक ली। चावरे ने इस दौरान बताया कि विद्यालयों की ऐसी मानिटरिंग की आवश्यकता है जिसमें अकादमिक स्तर में आमूल-चूल परिवर्तन हो सके। चावरे तीन बार बैठक ले चुके।

### पूरा स्टॉफ गप्पे हॉकते मिला, नोटिस

13 अक्टूबर को डीईओ अरविन्द कुमार मिश्रा व सहायक संचालक सीमा नायक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आलबरस का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण दौरान सुबह 11.40 बजे प्रधानपाठक सहित समस्त स्टाफ स्टाफ रूम में बैठे मिले। निरीक्षण दल द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त स्टाफ को नोटिस जारी किया गया शासकीय हाईस्कूल कोलिहापुरी दुर्ग का आकस्मिक निरीक्षण दौरान पाया गया कि प्रार्थना का समय सुबह 11.55 से 12.05 तक है किन्तु प्रभारी प्राचार्य रामकुमार साव, एवं योगिता सायतोडे, व्याख्याता एल.बी. 12 बजे शाला पहुंचे। विद्यालय का गत परीक्षा परिणाम न्यून होने के कारण जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा द्वारा प्रभारी प्राचार्य एवं समस्त व्याख्याताओं का बैठक लेकर परीक्षा परिणाम सुधार हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये। प्रायोगिक कार्य का विद्यालय द्वारा तैयार किये गये समय सारिणी में कोई भी उल्लेख नहीं होने तथा प्रायोगिक कार्य संबंधित विषय का विषय शिक्षक द्वारा अद्यतन जांच नहीं की गई थी।

### लापरवाह शिक्षकों को नोटिस व चेतावनी

दुर्ग जिले में शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सामाजिक अंकेक्षण चल रहा है। जिला स्तर मैं स्वयं स्कूलों का औचक निरीक्षण कर रहा हूं। लापरवाह शिक्षकों को नोटिस देकर चेतावनी दे रहे हैं।

- अरविंद कुमार मिश्रा
डीईओ

### संकुल व ब्लॉक स्तर पर मानिटरिंग नहीं

शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत डीपीआई ने संकुल और ब्लॉक स्तर पर लगातार मानिटरिंग की हिदायत दी है लेकिन यहां भी कोताही बरती जा रही है। जिला स्तर पर डीईओ खुद ही दौड़ रहे हैं लेकिन मैदानी स्तर पर निरीक्षण के नाम पर लीपा-पोती हो रही है। ऐसे में शिक्षा गुणवत्ता अभियान की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला फरार मास्टर माइंड पुलिस की गिरफ्त में



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला फरार मास्टर माइंड को पुलिस ने कांकेर से गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री

- ठगी के 15 लाख रुपए से प्लाट खरीदा

तंवर ने बताया कि चिरचार थाना अर्जुन्दा जिला बालोद निवासी संतराम देशमुख की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भेषराम देशमुख, रविकांत देशमुख,अरूण मेश्राम को गिरफ्तार किया है। इसका मास्टर माइंड आरोपी ग्राम परसदा थाना अभनपुर जिला रायपुर निवासी अरूण मेश्राम फरार था जिसे पुलिस ने कांकेर से गिरफ्तार किया है। जहां पुलिस से छिपकर किराए का मकान लेकर निवास कर रहा था। आरोपी अरुण से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 20-25 लोगों को सरकारी नौकरी का झांसा देकर रुपए लिए थे। ठगी से मिले 40-45 लाख रूपये को तीनों आरोपियों ने आपस में बांट लिया। उक्त रकम में से कांकेर में एक प्लाट का सौदा कर तीन साल तक खर्चा करना स्वीकार किया। आरोपी अरूण मेश्राम से प्लाट खरीदी एग्रीमेंट व नगदी 4 हजार रूपये को जब्त किया गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी अंजोरा उनि खेलन सिंह साहू, राकेश सिंह समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# मानसून विदा : पिछले साल की अपेक्षा इस साल 304 मिलीमीटर बारिश ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



दक्षिण -पश्चिम मानसून की विदाई मंगलवार को हो गई। इस सीजन इतनी ज्यादा बारिश हुई है कि पिछला रिकार्ड तोड़ दिया। पिछले साल की तुलना में 304 मिलीमीटर बारिश ज्यादा हुई है। एक जून से अक्टूबर 15 तक वर्ष 2024 को दुर्ग जिले में 736.1 मिलीमीटर बारिश हुई थी जबकि इस सीजन में 1041

- पिछले साल पूरे सीजन में 736.1 मिली औसत बारिश हुई थी इस बार 1041 मिमी

मिलीमीटर बारिश हुई है। पिछले साल मौसम विभाग के हिसाब से 984.4 मिलीमीटर औसत बारिश होनी चाहिए थी लेकिन औसत बारिश 25 प्रतिशत कम थी। इस बार औसत बारिश प्रतिशत 102 प्रतिशत रहा।

### इस तरह चला सीजन में बारिश का दौर

मानसूनी बारिश का सीजन जून में शुरू होता है लेकिन इस बार मई में ही दुर्ग जिले में जमकर बारिश हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक आमतौर पर बारिश 15 जुलाई के बाद ही प्रारंभ होता था। अगस्त महीने में कम बारिश जरूर हुई लेकिन सितंबर में अच्छी बारिश ने कमी पूरी कर दी। मौसम की विदाई का दौर अक्टूबर में शुरू हो जाता है इसलिए बारिश कम होती है। इस बार एक अक्टूबर से अब तक 70 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी है। पिछले साल 31.2 मिलीमीटर ही बारिश हुई थी। इस तरह 124 प्रतिशत अधिक बारिश इस महीने में हो चुकी।

### पिछले साल से तीन दिन पहले ही मौसम विदा

मौसम की विदाई पिछले साल से तीन दिन पहले हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक वर्ष 2025 को मौसम की विदाई 17 अक्टूबर को हुई थी। इस बार 14 अक्टूबर हो हुई है। वर्ष 2022 को सबसे देर से मानसून की विदाई हुई थी। जो 25 अक्टूबर हो हुई थी। जिस तरह सिस्टम वापस लौटा है उसके हिसाब से मौसम अब शुष्क सा बना रहेगा। यानी बादल जरूर घिरे रह सकते हैं लेकिन मौसम शुष्क ही रहेगा।

### खेती के अनुरूप गिरा पानी

सालों बाद ऐसा मानसून आया कि इस बार खेतों में फसल पकने के लिए जलाशयों से पानी छोड़ने की जरूरत नहीं पड़ी। मौसम विज्ञान एचपी चंद्रा बताते हैं कि सितंबर के अंतिम व अक्टूबर महीने में बारिश ज्यादा नहीं हो पाती। इस बार पहले आठ- दस दिन के गैप में अच्छी बारिश हुई। फिर यह अवधि चार से पांच दिन में सिमट गई। समय के हिसाब से खेती के अनुरूप बारिश हुई है।






दो टन एल्यूमिनियम वायर चोरी का मामला

# निर्माणाधीन मकान से वायर चोरी, कबाड़ी समेत पांच गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई




दो टन एल्युमिनियम वायर चोरी मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एएसपी अभिषके झा ने बताया कि थाना नंदिनी और धमधा थाना क्षेत्र की है। निर्माणाधीन मकान से वायर को आरोपियों ने चोरी की थी। पुलिस ने पहले संदेह के आधार पर शारदा पारा छावनी निवासी निलेश कुमार,राजकुमार नगपुरे,श्याम नगर छावनी विजय चंद्राकर, नयापारा दुर्ग विनोद गुप्ता,कचांदुर जेवरा सिरसा चिम्लेश्वरी मांडले को पकड़ा गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि 6 अक्टूबर की रात धमधा थाना क्षेत्र के संजय डोगरे के निमार्णाधीन मकान से 192 नग सेंट्रिंग सेट चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने जिसे जामुल निवासी इस्तामुद्दीन से 192 नग सेंट्रिंग प्लेट जब्त किया है। पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी पर भी कार्रवाई की है। पकड़े गए आरोपियों ने मुरमुंडा से आमेटी रोड स्थित राजपूताना केबल एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के गोदाम से दो हजार किलोग्राम एल्युमिनियम पावर वायर चोरी किया था। कंपनी के प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम कर आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इस मामले में पुलिस ने एक बोलेरो वाहन, एक ई-रिक्शा, चार मोबाइल फोन समेत 10 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। आरोपियों में शामिल है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल कराया।

**खबर संक्षेप**

### वार्ड 48 में सुनी गई पीएम के मन की बात

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 125 वें एपिसोड का श्रवण वार्ड नंबर 48 सिविल लाइन में नागरिकों के साथ किया गया। इसमें श्री मोदी ने लोकल फार वोकल पर जोर दिया। उन्होंने लोगों से स्वदेशी उत्पादों के इस्तेमाल की अपील की, और कहा कि गर्व से कहो यह स्वदेशी है । इसका प्रसारण ऐसे समय में हुआ ,जब देश अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ की समस्या का सामना कर रहा है । पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत में प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र करते हुए बड़े पैमाने पर जान माल के नुकसान की घटना पर दुख जताया। वार्ड नंबर 48 बूथ क्रमांक 176 में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व पार्षद विजय जलकारे, वार्ड पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर ,वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता श्री मूलचंद साहू , सविता ठाकुर , संतोष देवी, राजकुमार बंजारे, अरुणा टुवो, श्याम , रोशनी ठाकुर ,पुष्पेंद्र वर्मा ,प्रकाश, गायत्री ,खेमीन ,सुशीला सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

### आयोडिन अल्पता पर जिला स्तरीय आयोजन 21 से 27 अक्टूबर तक

**दुर्ग।** जिले में 21 अक्टूबर को विश्व आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर आयोडीन अल्पता विकार को रोकने एवं नियंत्रण करने के उद्देश्य से जिले स्तर पर 21 से 27 अक्टूबर तक अभियान चलाकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त अभियान के तहत जिला एवं विकासखण्ड स्तर में संगोष्ठी, कार्यशालाएं और जागरूकता शिविर आयोजित कर आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण के संबंध में जानकारी दी जाएगी। स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों के मध्य निबंध लेखन, नारा लेखन, प्रश्न-उत्तरी, चित्रकला और दौड़ प्रतियोगिता जैसे स्वास्थ्य शिक्षा शिविरों का आयोजन कर आयोडीन युक्त नमक के उपभोग के लाभों के बारे में अवगत कराया जाएगा। निगम, एनएमएएन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पंचायत विभाग के सहयोग से विभिन्न स्तरों पर जागरूकता बैठक और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाए।

### सामान्य सभा की बैठक 16 अक्टूबर को

**दुर्ग।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 16 अक्टूबर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे आयोजित की गई है। बैठक में शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, उद्यानिकी विभाग, विद्युत विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीग को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### स्कूल मैदान में लगेगा अस्थायी पटाका बाजार

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा दीपावली पर्व के मद्देनज़र फटाका विक्रय की अनुमति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत फटाका दुकानों के लिए अस्थायी स्टॉल लगाने की व्यवस्था की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन हेतु निगम ने नियम एवं शर्तें तय की हैं।

# वॉलीबॉल, कुश्ती, कबड्डी और पारंपरिक खेलों से गूंजा मैदान

**सांसद खेल महोत्सव : खेलों से बढ़ेगा आत्मविश्वास और सुधरेगी जीवनशैली**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ हुआ। शहर के महात्मा गांधी स्कूल प्रांगण में आयोजित इस समारोह में युवाओं और खेल प्रेमियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद विजय बघेल, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा और शेखर चंद्राकर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने खेल भावना का संदेश देते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और जीत की शुभकामनाएं दीं। महोत्सव में आयुक्त सुमित अग्रवाल, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, संजय ठाकुर, हरिशंकर साहू, विनोद मांझी, मोहित मरकाम, पंकज साहू, विकास दमाहे, प्रेरणा दुबे सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। मैदानों में खेल भावना, जोश और सौहार्द का शानदार नज़ारा देखने को मिला।

#### तीन आयु वर्गों में हुआ जोशीला मुकाबला

महोत्सव में तीन आयु वर्गों में मुकाबला हुआ जिसमें 9 से 15 वर्ष तक के खिलाड़ी, 16 से 30 वर्ष तक के खिलाड़ी और 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एकल खेलों में 100 और 400 मीटर दौड़, गेड़ी, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, कुर्सी दौड़ तथा टीम खेल में बॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो का रोमांचक प्रदर्शन हुआ। युवा खिलाड़ियों के साथ.साथ वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं की भागीदारी ने यह साबित किया कि खेल उम्र नहींए बल्कि उत्साह की पहचान है। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा खेल हमें जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास सिखाते हैं।



#### समाज में एकता और अनुशासन का प्रतीक है खेल

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि खेलों से खिलते हैं सपने और यही सपने शहर की पहचान बनते हैं। नगर निगम खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा खेल भावना ही समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक है।महापौर ने कहा सांसद खेल महोत्सव हमारे युवाओं के लिए एक ऐसा मंच है जहां वे अपनी प्रतिभा को पहचान सकते हैं और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकते हैं।उन्होंने कहा कि आज दुर्ग शहर खेल प्रतिभाओं का केंद्र बन रहा है। आने वाले समय में यहीं से कई खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएंगे। सभापति श्याम शर्मा ने भी संबोधित किया।

#### खेल के मैदानों में दिखा ऊर्जा और उत्साह का संगम, आज भी रहेगा जारी

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत दो दिवसीय 14 व 15 अक्टूबर को खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वॉलीबॉल, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, योगासन, एथलेटिक्स 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ जैसी आधुनिक खेल विधाओं के साथ-साथ पारंपरिक खेल कबड्डी, खो-खो, गेड़ी पुरुष वर्ग फुगड़ी और सुरीली कुर्सी महिला वर्ग शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं के आयोजन में कुश्ती और वेट लिफ्टिंग महात्मा गांधी स्कूल, बॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, सुरीली कुर्सी दौड़, फुगड़ी सुराना कॉलेज मैदान में और 100 मी, 400 मी रेस गेड़ी रविशंकर स्टेडियम में किया जा रहा है। 15 अक्टूबर को भी अलग-अलग खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके बाद विजेता टीमों और खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

**मिश्रा मेडिकोज के औषधि लाइसेंस को 10 दिवस के लिए किया निलंबित**

# कफ सिरफ के नकली होने की जिले में आहट, औषधि प्रशासन की टीम ने की जांच

**आदिराज मेडिकल्स का लाइसेंस निरस्त, आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

पूरे देश में कफ सिरफ के नकली होने और बच्चों के सेहत पर पड़ रहे असर को देखते हुए डब्लूएचओ ने गाइडलाइन जारी की है। इसके अंतर्गत 3 कफ सिरप के खिलाफ चेतावनी जारी की गई है। एमपी में नकली कफ सिरप से 25 से ज्यादा बच्चों की मौत हो गई है।

तीन मिलावटी कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी की गई। इनमें श्रीसन फार्मास्यूटिकल की कोलड्रिफ, रेडनेक्स फार्मास्यूटिकल्स की रेस्पिफ्रेश टीआर और शेप फार्मा की रीलाइफ की खेप शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में भी मिलावटी सिरप मिलने की जानकारी सामने आई है। इसे देखते हुए शासन ने जांच के निर्देश दिए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जिले के मेडिकल स्टोर्स में दबिश दी। जांच के बाद तय मानकों का पालन नहीं करने वाले कुछ दवा दुकानों पर कार्रवाई भी की गई। सहायक औषधि नियंत्रक संजय सिंह झडेकार के नेतृत्व में औषधि निरीक्षक विष्णु प्रसाद साहू एवं चंद्रकला ठाकुर की संयुक्त टीम ने सड़क 18, कैम्प 1 पहुंचकर मेसर्स न्यू आरजू मेडिकल, मिश्रा मेडिकोज, आरजू मेडिकल, जिया मेडिकल एवं बालाजी मेडिकल का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं के आधार पर उपरोक्त सभी मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

न्यू आरजू मेडिकल स्टोर्स सड़क 18 द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब संतोषजनक प्रस्तुत नहीं करने एवं अनियमितताएं अधिक होने के कारण न्यू आरजू मेडिकल का औषधि लाइसेंस निरस्त किया गया है। इसी तरह मिश्रा मेडिकोज के औषधि लाइसेंस को 10 दिवस के लिए निलंबित किया गया है। फर्म मेसर्स आदिराज मेडिकल्स, मॉडल टॉउन भिलाई का भी निरीक्षण किया गया। कोडिन फास्फेट सिरप को लेकर जांच की गई। संबंधित फर्म द्वारा कोई भी वैध रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किया गया, जिस पर फर्म मेसर्स आदिराज मेडिकल्स मॉडल टॉउन का लाइसेंस निरस्त किया गया। भविष्य में भी औषधि प्रशासन द्वारा मेडिकल स्टोर संचालन में विशेष तौर पर औषधियां जिनका नशे के रूप में दुरुपयोग संभव है। क्रय-विक्रय रिकार्ड के संबंध में अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



#### राजिम में मिला बच्चों की जान लेने वाला नकली सिरप

एमपी के अलावा राजस्थान में जिन बच्चों की मौत कफ सिरप पीने से हुई थी, वैसा ही नकली बेस्टो कॉफ सिरप छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के राजिम के एक मेडिकल स्टोर में बिक रहा था। औषधि विभाग को सूचना मिलते ही टीम ने पहले छापा मारा फिर जांच में सिरप नकली मिला तो तुरंत कार्रवाई करते हुए स्टोर को सील कर दिया है। विभाग ने संबंधित कंपनी तो पत्र लिखा जिसके बाद कपनी का कहना है कि उसने यह दवाई नहीं बनाई। नकली दवा कहां से आई विभाग अब इसकी जांच कर रहा है। उसी समय स्टोर का लाइसेंस रद्द कर दिया गया। इस कार्रवाई के बाद सिरप को जांच के लिए लैब भेजा गया। जिसकी रिपोर्ट में सिरप नकली पाई गई। इसके बाद खाद्य एवं औषधि विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मेडिकल स्टोर को सील कर दिया। अब विभाग दुकान के संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

#### डब्लूएचओ ने जारी की गाइडलाइन, मेडिकल स्टोर्स की होगी जांच

डब्लूएचओ ने गाइडलाइन जारी की है। इसके मुताबिक तीनों सिरप गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं। ये जान के लिए खतरा पैदा करने वाली बीमारी का कारण भी बन सकते हैं। दुनियाभर के देशों से कहा है कि अगर उनके यहां ये दवाओं मिल रही हैं तो हमें इसकी जानकारी दें। कोलड्रिफ वही सिरप है, जिससे मध्य प्रदेश में सितंबर से अब तक 5 साल से कम उम्र के 25 बच्चों की मौत हुई। सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा तय सीमा से लगभग 500 गुना ज्यादा थी, जिससे बच्चों की जान गई। कोलड्रिफ की जांच में पता चला कि इसमें नॉन-फार्माकॉपिया ग्रेड प्रोपीलीन ग्लाइकॉल का इस्तेमाल हुआ था।

# दीपावली से पहले निगम कर्मचारियों को मिला उपादान राशि का तोहफा




हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा दीपावली पर्व से पूर्व कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी गई है। महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा एवं वित्त विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे की पहल पर 56 कर्मचारियों को एकमुश्त 1,21,28,305 की उपादान राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मोतीलाल सभागार में महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल और वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे की उपस्थिति में हितग्राहियों को राशि वितरण किया गया। यह राशि जीवित एवं मृतक दोनों श्रेणी के कर्मचारियों को प्रदान की गई।

■ 1.21 करोड़ की राशि का वितरण

#### प्रयासों से मिली सफलता

महापौर अलका बाघमार ने बताया कि यह उपलब्धि कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव, सभापति श्याम शर्मा के मार्गदर्शन तथा आयुक्त सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में संभव हुई है। वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने बताया कि उन्होंने पिछले तीन महीनों से लगातार विभागीय बैठकों का संचालन करते हुए लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। सभी तकनीकी व प्रशासनिक प्रक्रियाओं के पूर्ण होने के बाद कर्मचारियों को उनका हक मिलना संभव हो सका।

#### निगम परिवार में उत्साह का माहौल

उन्होंने कहा उपादान राशि वितरण की घोषणा के साथ ही निगम परिसर में हर्षोल्लास का वातावरण बन गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, शिव नायक, नीलेश अग्रवाल, पार्षद साजन जोसफ, मनोज सोनी, अश्वनी निषाद, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, आरके जैन, प्रकाश चंद थावनी, संजय ठाकुर सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धान की फसल में कीटों का प्रकोप विशेषज्ञों ने नियंत्रण के बताए उपाए

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

दुर्ग जिले में धान फसल खरीफ की मुख्य फसल है, जिले में लगातार हो रहीं बारिश से किसानों में अच्छे फसल की आशा बनी हुई है, फिलहाल बारिश की अधिकता से वातावरण में नमी बढ़ गई है। वहीं बारिश के बाद तेज धूप से उमस के कारण धान की फसल में तना छेदक, पत्ती मोड़क, भूरा माहू, ब्लड वर्म, पेनिकल माइट एवं जीवाणु जनित झुलसा जैसे कीटव्याधि की समस्या उत्पन्न हो रहीं है। समस्याओं के नियंत्रण हेतु उप संचालक कृषि जिला-दुर्ग द्वारा जिले के मैदानी



अमलों को कृषकों के खेतों का सतत निरीक्षण किये जाने एवं समन्वित कीट एवं रोग प्रबंधन हेतु समय-समय पर कृषकों को समसामयिक सलाह देने के निर्देश दिये जा रहे हैं। किसानों को सलाह दी गई है कि भूरा माहू के नियंत्रण के लिए 24 घण्टे के लिए पानी का निकास करने से कीट नियंत्रण में सहायता मिलती है। तना छेदक कीट के वयस्क दिखाई देने पर फसल का निरीक्षण कर तना छेदक के अंडों को एकत्र कर नष्ट कर दे तथा डेड हार्ट (सुखी पत्ती) को निकाल दे। सतत निगरानी हेतु शाम 6.30 से 10.30 बजे तक प्रकाश प्रपंच का उपयोग करते हुए एकत्रित कीट को सुबह नष्ट कर दे। खेत के बीच में अलग-अलग जगह ''टी'' आकार की खुटियां फसल से 1 फीट ऊंची लगानी चाहिए जिस पर पक्षी बैठकर हानिकारक कीटों को खा सके। धान की फसल पर रस्सी को दोनों किनारों से पकड़कर घुमाना चाहिए जिससे की चितरी की इल्लियां पानी में गिर जाये तथा पानी में थोडा मिट्टी का तेल डाल देने से इल्लिया मर जाती है।

# शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं के लिए केवाईसी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों में प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विभागों में संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं में अनुदान राशि आदि के लिए ई.केवाईसी होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि योजनांर्गत अपात्र हितग्राहियों का विलोपन सुनिश्चित किया जाए।

■ कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा



उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य एजेंसी विभाग राशि भुगतान लंबित न रखें। दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए संबंधित कॉन्ट्रेक्टर को राशि भुगतान किया जाए। साथ ही कॉन्ट्रेक्टर को निर्माण कार्य में संलग्न मजदूरों को समय पर राशि भुगतान कराने के निर्देशित करें। अधिकारी विभागीय खरीदी की देयक की भी जांच कर लें। साथ ही समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आबंटन के अभाव में लंबे समय से लंबित देयक के संबंध में अवगत कराया जाए। विभागों से प्राप्त प्रमाण पत्र के आधार पर रैण्डम जांच कराई जाएगी। शासकीय योजनाओं से संबंधित अनावश्यक बैंक खाते पाए जाने पर विभाग प्रमुख जिम्मेदार होंगे। ऐसी स्थिति में कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को संबंधित शासकीय कार्यालयों पर लंबित बिजली बिल भुगतान समय पर करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि जीएसटी रिटर्न फाईल निरस्तीकरण की कार्यवाही समय पर करें। विभागों में 2,50 लाख से अधिक की खरीदी पर टीडीएस कटौती की जाए। इस संबंध में विभागीय लापरवाही न बरती जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को आगाह किया कि उक्त कार्यवाही पर किसी प्रकार की कोताही न बरतें। कार्यालयों में उपस्थिति हेतु निर्धारित समय-सीमा का ध्यान रखा जाए। सभी जिला कार्यालयों में अधिकारी.कर्मचारियों की बायोमेट्रिक पद्धति से उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। कार्यालयों के औचक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी।

**शिक्षामंत्री ने किया 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र का भूमिपूजन**

# सात ग्रामों के हजारों उपभोक्ता एवं किसान होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

छत्तीसगढ़ के शिक्षा ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी कार्य मंत्रीगजेन्द्र यादव ने दुर्ग जिले में ग्राम माटरा में ग्राम माटरा में 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्र की जनता को बड़ी सौगात दी। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि यह उपकेंद्र क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा और बिजली के बेहतर बुनियादी ढांचे के माध्यम से क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि उपकेंद्र के निर्माण से किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली बिजली मिल सकेगी, जिससे वें अपनी फसलों को सहीं समय पर आवश्यकतानुसार पानी देकर उपज में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकेंगे। सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र लगभग 2 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार होगा। इस नवीन उपकेन्द्र के निर्माण से 7 गांवों के हजारों उपभोक्ता एवं किसान लाभान्वित होंगे। मुख्य अभियंता ने कहा कि यह सबस्टेशन केवल बिजली का केंद्र नहीं है, बल्कि हमारे उपभोक्ताओं जिनमें किसान के समृद्धि और सशक्तिकरण का केंद्र है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य हर घर को रोशनी, हर खेत को पानी और हर किसान को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराना है। भूमिपूजन समारोह की अध्यक्षता विधायक बेमेतरा दीपेश साहू ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड आयोग रायपुर जितेन्द्र साहू उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग सरस्वती बंजारे, पूर्व विधायक बेमेतरा अवधेश सिंह चंदेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत धमधा लीमन साहू, सदस्य जिला पंचायत दुर्ग उषा सोनवानी, अध्यक्ष भाजपा मंडल बेरला डोमेन्द्र सिंह राजपूत, सदस्य जनपद पंचायत धमधा राजेश साहू, डॉ एनके तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।





#### इन गांवों के लोगों को मिलेगा लाभ

उन्होंने बताया कि माटरा में नए उपकेंद्र के निर्माण से ग्राम पेण्ड्रीतराई, कोकड़ी, हरदी, गोता, खजरी, ठेंगाभाठ एवं माटरा सहित कुल सात ग्रामों के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

# त्योहारों में साफ-सुथरा रहे शहर लाइटें भी रहें दुरुस्त : शिवसेना

**दुर्ग।** शिव सेना उद्धव बाला साहब ठाकरे ने आगामी त्यौहारों के मद्देनजर शहरों की साफ-सफाई लाईटों की व्यवस्था दुरूस्त करने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि दीपावली, छठ पूजा, प्रकाश पर्व (गुरुनानक जंयती) के पहले शहर की सड़कों की लाइटें ठीक करने और साफ सफाई बनाए रखने के लिए शिव सेना उद्धव बाला साहब ठाकरे ने मांग की है। आगामी त्यौहारों से पहले शहर की सभी क्षेत्रों की विशेष रूप से सफाई की जाए, लाईटों को दुरूस्त, सड़कों पर लगी लाईटों को ठीक करने और खराब स्ट्रीट लाईटों की तत्काल मरम्मत की जाए ताकि सुरक्षा सुनिश्चित हो सके, सार्वजनिक स्वच्छता त्यौहारों के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनायें रखने और कचरे के निपटान की उचित व्यवस्था की जाए, नागरिकों की सुविधा उचित साफ सफाई और रोशनी से नागरिकों को त्यौहारों के उत्साह को बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने मांग की है कि दीपावली, छठ पूजा, गुरुनानक जंयती, प्रमुख पर्व है जो उत्साह और हर्षो उल्लास के साथ मनाये जाते हैं। पर्याप्त रोशनी और साफ सफाई से लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है भिलाई के इन तालाबों सेक्टर-2 खुर्सीपार, रुआबांधा, जामुल, लक्ष्मण नगर, केम्प क्षेत्र, हाऊसिंग बोर्ड, बैकुंठ धाम मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु अपने परिवार सहित छठी मैया की पूजा अर्चना पूरे विधी विधान के साथ करती है।

■ सौंपा गया ज्ञापन

## खबर संक्षेप



### मानसी का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी में

**पाटन।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पाटन के कक्षा ग्यारहवी की छात्रा मानसी मस्तावर का चयन बिलासपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय अंडर 17 शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। मानसी की इस उपलब्धि पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष मिलन कुमार देवांगन प्राचार्य वेलेंटीना मसीह, प्रधानपाठक अंजू राय, व्याख्याता दीपा मनोज, समिति के सदस्य रोहित देवांगन सहित शिक्षकों एवं पालकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। व्यायाम शिक्षक हेमंत बघेल ने बताया कि सेजेस मर्रा में आयोजित जिला व छुईखदान में आयोजित संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर मानसी का चयन राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

### राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा कॉलेज के स्टूडेंट विवि की टॉप टेन सूची में



**अंडा।** पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित प्रथम व्यावसायिक पाठ्यक्रम की परीक्षा में राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय चंदखुरी की छात्रा शारदा साहू ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दो शासकीय एवं चार निजी क्षेत्र के महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। प्रथम व्यावसायिक पाठ्यक्रम के परीक्षा परिणाम की टॉप टेन की सूची में राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय चंदखुरी की प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा शारदा साहू ने बताया कि महाविद्यालय में शत प्रतिशत नियमित शिक्षक होने एवं उच्च स्तर की पढ़ाई होने से एवं शिक्षक तथा प्रबंधन द्वारा सतत शिक्षण कार्य की निगरानी के परिणाम स्वरूप प्रथम स्थान प्राप्त कर पाई।

## अंधेरे घरों में रोशनी की उम्मीद लेकर आएंगे मिट्टी के दीये

# घूमने लगे कुम्हारों की उम्मीदों के चाक दिवाली पर दीयों से घरों को करेंगे रोशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

दीपावली के नजदीक आते ही कुम्हार दीये बनाने के काम में तेजी से जुट गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनकी दीवाली भी रोशन रहेगी। अंडा से 10 कि. मी. के दूरी पर बालोद जिले के ग्राम गुरेदा (डगनिया) में डेहर सिंह कुम्हार, माता शांति बाई कुम्हार, छोटा भाई जागेश्वर कुम्हार,देव किशन और राज बाई लगभग 30 सालों से इलेक्ट्रानिक चाक से मिट्टी के दीये बना रहे हैं। दीपावली नजदीक आते ही सभी कुम्हारों के चाक घूमना शुरू हो गए हैं।


### गुरेदा के कुम्हार 30 सालों से बना रहे मिट्टी के दीये



### मिट्टी के दीयों की है अपनी परंपरा

दीपावली 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी। ऐसे में कुम्हारों को उम्मीद है कि इस बार उनकी दीवाली भी रोशन रहेगी। मिट्टी के दीपक, मटकी आदि बनाने के लिए माता-पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है तो किसी के हाथ चाक पर मिट्टी के बर्तनों को आकार दे रहे हैं।

### चाइनीज झालरों पर भारी पड़ेंगे स्वदेशी दीये



हालांकि पिछले कुछ समय में आधुनिकता के इस दौर में दीयों का स्थान बिजली के झालरों ने ले लिया है। ऐसे में कुम्हारों के सामने आजीविका का संकट गहरा गया है। चाइनीज झालरों ने इन कुम्हारों को और चोट पहुंचाई। इस कारण वर्ष भर इस त्योहार की प्रतीक्षा करने वाले कुम्हारों की दीवाली अब पहले की तरह रोशन नहीं रही।

## अंचल की खबरें

### निकुम परिक्षेत्रीय अध्यक्ष बने घनश्याम



**निकुम।** परिक्षेत्रीय साहू समाज निकुम में सामाजिक पदाधिकारी चुनाव शनिवार को कर्मा भवन निकुम में सम्पन्न हुआ, जिसमें परिक्षेत्रीय अध्यक्ष घनश्याम साहू आमदी को चुनाव में जीत मिली।वही परिक्षेत्र उपाध्यक्ष जगन्नाथ साहू रुदा,परिक्षेत्र महिला उपाध्यक्ष कल्याणी साहू निकुम, संगठन सचिव महिला ईश्वरी साहू, संगठन सचिव कुशाल साहू निर्विरोध बने। जिसमें चुनाव अधिकारी दुर्ग ग्रामीण छन्नूलाल साहू, पुरुषोत्तम चौधरी छबिलाल साहू, खिलावन साहू ने संपन्न कराया। वही जिसमें निकुम परिक्षेत्र के नौगांव निकुम आमटी मासाभाट , भोथली, झोला रुदा के सामाजिक पदाधिकारी रहे। इस अवसर पर पुकेश्वर भारती कॉलेज निकुम अध्यक्ष सुरेश साहू, समाज के वरिष्ठ लोकेश्वर साहू ग्रामीण सचिव निकुम राजकुमार साहू, हिंछा साहू, मोती लाल साहू, रमेश साहू,गिरवर साहू रहे। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय अध्यक्ष निकुम घनश्याम साहू ने कहा सब मिलकर समाज में बेहतर पहल कर सामाजिक एकता के साथ कार्य करेंगे।

### छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से बलराम सम्मानित



**सेलूद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सम्मान समारोह छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान का आयोजन रायपुर में आयोजित किया गया। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में उड़ान राष्ट्रीय महिला जागृति मंच नई दिल्ली के सहयोग से छत्तीसगढ़ शासकीय कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष कामरेड स्वर्गीय नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर की पुण्य स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ में अपने अपने क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिसमें पाटन ब्लाक के शिक्षक बलराम वर्मा का सम्मान स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र से किया गया। सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले उत्कृष्ट शिक्षकों में छत्तीसगढ़ राज्य के पांचों संभाग के शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में उत्कृष्ट अध्यापन कार्य करने वाले क्रमशः सहायक शिक्षक, उच्चवर्ग शिक्षक, प्रधानपाठक एवं व्याख्याताओं में शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के 34- प्रांतीय पदाधिकारी भी शामिल है।

## डॉ. अंबेडकर ने दी धम्म को गति : डोंगरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुम्हारी



■ कुम्हारी में मनाया गया धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस

भारतीय बौद्ध महासभा कुम्हारी द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के धम्म दीक्षा की 69 वीं वर्षगांठ पर धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पंचशील बुद्ध विहार शिवनगर कुम्हारी में मनाया गया। मुख्य अतिथि लेखराम साहू पार्षद वार्ड क्रमांक 9 ने विहार के परिसर में धम्मध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर उपासक, उपासिकाओं को बधाई दी। उन्होंने डा. अंबेडकर वाचनालय निर्माण के लिए पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। भारतीय बौद्ध महासभा कुम्हारी की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। भारतीय बौद्ध महासभा कुम्हारी की अध्यक्ष उपासिका प्रेमलता डोंगरे ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को बुद्ध के धम्म की दीक्षा लेकर अपने लाखों अनुयायियों को दीक्षा दी। इस तरह मानवतावादी धम्म को भारत में गति देने का महत्वपूर्ण कार्य उन्होंने किया। सामाजिक कार्यकर्ता सुनील गणवीर ने कहा कि 22 प्रतिज्ञाओं का पालन करने वाला ही असली बौद्ध है। बुद्ध का धम्म वैज्ञानिक मान्यताओं के अनुरूप है। इस अवसर पर सुरेश वाहने ने बाबा साहब अंबेडकर द्वारा बौद्ध धर्म अपनाने के कारणों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि डॉ. अंबेडकर ने सभी धर्मों का बारीकी से अध्ययन करने के बाद ही बुद्ध के मार्ग को श्रेष्ठ मानकर धम्म को अपनाया। पूर्व अध्यक्ष नरेश खोब्रागड़े ने बाबा साहब के बताए आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। संध्याकालीन सत्र में तथागत म्यूजिकल ग्रुप भिलाई का धम्मगीतों और भीम गीतों पर आधारित संगीतमय कार्यक्रम संम्पन्न हुआ। गीतों के माध्यम से धनंजय मेश्राम, सुरेश कुमार श्यामकुंवर, आनंद चौव्हाण, संजय मेश्राम, संजय वानखेड़े, शरद वाघमारे, जय कुमार फुलझेले, सुभाष मेश्राम, प्रणाली शणलिंगे, नीतू डोंगरे, अनिता जांबुलकर, सुमिता सुखदेवे, संगीता मेश्राम, उर्वशी वानखेड़े, प्रियंका सिंह एवं त्रिशाली फुलझेले आदि कलाकारों ने अपनी आवाज़ के जादू से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर किया। ग्रुप के अध्यक्ष अनिल साखरे ने कहा कि हम कलाकार निः शुल्क सेवा देकर बुद्ध और बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के संदेश को गीत-संगीत के माध्यम से जन-जन तक पहुँचा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में मैत्री भोज का आयोजन किया गया जिसमें गणमान्य नागरिकों सहित बुद्ध और अंबेडकर अनुयायी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन किसन बोरकर तथा आभार प्रदर्शन दुर्गा वाहने ने किया।

## एआई बिजली की तरह, लेकिन गलत इस्तेमाल से मिल सकता है झटका भी



**कुम्हारी।** विचक्षण जैन विद्यापीठ ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से 'विज़न 360' लीडरशिप लेक्चर सीरीज का शुभारंभ किया। इस पहल का लक्ष्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान तक सीमित न रखकर, उन्हें वैश्विक वैज्ञानिक, तकनीकी, सामाजिक और बौद्धिक परिवर्तनों से जोड़ना भी है। उद्घाटन सत्र में आईआईआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. ओ. पी. व्यास मुख्य अतिथि एवं वक्ता रहे। डॉ. व्यास कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशल इंटेलिजेंस) के प्रख्यात विशेषज्ञ हैं, जिन्होंने आईआईटी खड़गपुर से एम.टेक और जर्मन विश्वविद्यालय से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने पाँच देशों में विशेषज्ञों के साथ कार्य किया है और हाल ही में कुंभ के मेले में तकनीकी सहयोग प्रदान किया था। विद्यालय में उनका व्याख्यान वर्ल्ड ऑफ़ ए.ई. व्हेयर इमेजिनेशन मीट्स इंटेलिजेंस विषय पर आधारित था। अपने संबोधन में डॉ. व्यास ने कहा की एआई बिजली की तरह है जो कि बहुत उपयोगी है, लेकिन गलत इस्तेमाल करें तो झटका भी दे सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि तकनीकी दक्षता के साथ नैतिकता और जिम्मेदारी का विकास भी अनिवार्य है। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के सचिव राजेश जैन के प्रेरक उद्बोधन से हुई। अध्यक्ष राजेश सावनसुखा ने विद्यालय के दृष्टिकोण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला, जबकि प्राचार्य ए. पी. सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।


## विशेष बच्चों के भविष्य को रोशन करने का अवसर – पियाली फाउंडेशन कॉलेज में बी.एड. एवं डी.एड. प्रवेश खुले

विशेष शिक्षक (Special Educator) बनने के लिए, आपको विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। इसके लिए, आप विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम जैसे कि डिप्लोमा, डिग्री पाठ्यक्रम कर सकते हैं। इन पाठ्यक्रमों में, आपको विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है



### विशेष शिक्षक बनने के लिए कुछ सामान्य पाठ्यक्रम:

डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन (D.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम 12वीं कक्षा के बाद किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए बुनियादी कौशल सिखाए जाते हैं। बी.एड. इन स्पेशल एजुकेशन (B.Ed. Special Education):यह पाठ्यक्रम स्नातक स्तर पर किया जा सकता है और इसमें विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए उन्नत कौशल और ज्ञान सिखाया जाता है। Piyali Foundation college of Special Education Raipur जो विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं ।विशेष शिक्षक के रूप में करियर:विशेष शिक्षा शिक्षक विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ काम करते हैं, जैसे कि सीखने की अक्षमता, ऑटिज्म, या बौद्धिक विकलांगता वाले बच्चे। विशेष शिक्षा शिक्षक विभिन्न प्रकार के सेटिंग्स में काम कर सकते हैं, जैसे किः सरकारी और निजी स्कूल, पुनर्वास केंद्र, विशेष विद्यालय, गैर सरकारी संगठन (एनजीओ)। विशेष शिक्षा शिक्षक बनने के लिए, आपको धैर्य, सहानुभूति, और अनुकूलनशीलता जैसे गुणों की आवश्यकता होती है।




पियाली फाउण्डेशन कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन द्वारा स्पेशल एजुकेशन में दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा है और 2025- 26 सत्र के लिए आवेदन संस्था द्वारा मंगवाया जा रहा है । इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यार्थी आवेदन पत्र संस्था में सीधे जमा करके प्रवेशा पा सकते है। संस्थान की प्रमुख मीता मुखर्जी के अनुसार यह पाठ्यक्रम सभी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए है। उपरोक्त पाठ्यक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा पं रविशंकरशुक्ल विश्वविघालय से संबंद्धता प्राप्त है। बीएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हता स्नातक है। स्नातक में 50 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा। बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ प्री बीएड परीक्षा की आवश्यकता नहीं है। इस पाठ्यक्रम में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। इस पाठ्यक्रम से विद्यार्थी अपना सुनहरा भविष्य बना सकते है । इस पाठ्यक्रम को करने के बाद अनेक क्षेत्रो में अपना कैरियर बना सकते हैं। जैसे विशेष शिक्षक के रूप में सरकारी स्कुलो प्राइवेट स्कुलो अस्पतालों समग्र शिक्षा अभियान तथा केंद्रीय स्कुलों में नियुक्त किया जा रहा है। आने वाले समय में विशेष शिक्षा के क्षेत्र में अपार नौकरियो की संभावनाए है।

मीता मुखर्जी -अध्यक्ष, राजकिशोर चौधरी-डायरेक्टर, पियाली फाउंडेशन , जागरूक पैरेन्ट्स एसोसिएशन रायपुर (छ.ग.)

विशेष शिक्षक बनने का सुनहरा अवसर
बी.एड., डी. एड. (विशेष शिक्षा)
सीधा प्रवेश प्रारंभ - 2025

DIRECT ADMISSION Last Date - 17.10.2025
84353 86927, 98271 28346
Old Dhanvantari Hospital, New Shanti Nagar, Gorakha Colony, Shankar Nagar, Raipur


## बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट




**दुर्ग।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में दीपावली के अवसर पर विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा तक दिवाली में भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखाने में सुविधा होती है। अपने ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए धनतेरस से पहले बुकिंग करें एवं धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध है एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। वहीं हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है। आशा है बेहतरीन से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए आज ही ओम ज्वेलर्स जरूर पधारे।

## सांसद खेल महोत्सव में हुए मुकाबले



**जामगांव आर।** सांसद खेल महोत्सव सेजस जामगांव आर में विविध प्रतियोगिताओं के साथ आयोजित किया गया। महोत्सव में ग्राम पंचायत जामगांव आर सरपंच रूपेन्द्र शुक्ला,भाजपा जिला मंत्री शैलेन्दी मंडावी उपसरपंच मुकेश साहू, सीताराम साहू, मेघनाथ सागरवंशी , नरेश केला, अंगेश्वर साहू, सेजस प्राचार्य श्री ठाकुर , प्राथमिक शाला जामगांव आर शाला परिवार से नंदनी साहू भारती साहू, मालती साहू, तामेश्वरी साहू, ज्ञानेश्वरी साहू, धनेश्वरी पटेल, सरोज यादव, परमेश्वरी साहू, टेमन साहू, कीर्ति साहू और सीमा सेन आदि उपस्थित थे।

## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण से रोजगार का सुनहरा अवसर



**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण के लिए भर्ती योग्यता 10वीं, 12वीं , स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम, फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं। मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत एफएसडीएमआई भिलाई मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार, भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था एफएसडीएमआई भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

**//शपथ-पत्र//**

शपथकर्ता:- घनश्याम सिंह तारम आयु 35 वर्ष पिता श्री जागेश्वर सिंह तारम, जाति-गोड़, निवासी ग्राम साल्हेजलहल, पो. दनगढ़ तहसील मोहला, जिला मोहला मानपुर अ. चौकी (छ.ग.) मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक क थन करता हूं कि :-

1. यह कि, मुझ शपथकर्ता का नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. मुझ शपथकर्ता के पुत्री यक्शिथा तारम का जन्म दिनांक 18.05.2022 को बी.एस.सी. सेक्टर-9, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग में जन्म हुआ है एवं जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।
3. मेरी पुत्री यक्शिथा तारम के जन्म प्रमाण पत्र में नाम यक्शिथा अंकित है मेरी पुत्री का सही नाम यक्शिथा तारम अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जावें।

अत: यह शपथ-पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

## निकुम कॉलेज में रेड रिबन क्लब ने मनाई रजत जयंती



**अंडा।** शासकीय महाविद्यालय निकुम में रेड रिबन क्लब ने रजत जयंती महोत्सव पर रेड रिबन जागरूकता से संबंधित रंगोली बनाकर छात्रों को जागरूक करने का प्रयास किया ।जिसमें स्वयंसेवक छात्रों ने बीमारी से बचने का संदेश दिया। रंगोली बनने में बी ए तृतीय सेमेस्टर से लक्ष्मी देवगन, तोशिक़ा, देविका,फर्स्ट सेमेस्टर से दिव्या निषाद और श्वेता साहू ने भागीदारी निभाई। इसके साथ ही रैली निकाली गई और शपथ ली गई।


जगजीवन आयुर्वेद
धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.
आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.
पुलगाँव चौक, महालक्ष्मी मार्केट शॉप नं.C11 दुर्ग, मो. 7869433660 , 9399486858

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान



कटे होंठ व तालु का
नि:शुल्क ईलाज स्माइल
ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

# सांसद खेल महोत्सव में 350 खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड स्तर पर सांसद खेल महोत्सव रिसाली दशहरा मैदान में कराया गया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पहले टॉस कराया फिर कबड्डी खिलाड़ियों से परिचय लेते खेल का उदघाटन किया। वार्ड स्तर के दस अलग-अलग प्रतियोगिता में 350 खिलाड़ी शामिल हुए।

प्रतियोगिता शुरू कराने से पहले पंजीकृत खिलाड़ियों का सत्यापन कर प्रवेश दिया गया। इस दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव एक ऐसा मैदान है जहां से छन कर खिलाड़ी क्लस्टर लेबल, विधानसभा स्तर और फिर लोकसभा स्तर पर निष्पक्ष प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर खेलेंगे। उन्होंने ग्रामीण स्तर और राष्ट्रीय स्तर के दस अलग-अलग खेलों के बारे में प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अतिथियों का स्वागत खेल महोत्सव के नोडल सुनील दुबे ने किया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य सनीर साहू, पार्षद ममता सिन्हा, धर्मेन्द्र भगत, मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, समेत आयुक्त मोनिका वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

**विधायक ललित चंद्राकर ने कराया टास**



### दो खेलों में मिला वॉक ओवर

पांच परंपरागत समेत दस खेलों में प्रतिभागियों की संख्या 350 थी। वहीं वॉलीवाल और कुश्ती के दो वर्ग में केवल एक टीम व खिलाड़ी की उपस्थिति होने पर उन्हें निर्णायक मण्डल ने वॉक ओवर देते हुए विजेता घोषित किया। वॉलीवाल और कुश्ती के खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग्य अजमाने से पहले ही क्लस्टर लेबल के प्रतियोगिता में प्रवेश पा लिया।

### वार्डों में गेड़ी, सुरीली कुर्सी दौड़ और फुगड़ी के हुए खेल



**भिलाई।** सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन चार स्तरों वार्ड, क्लस्टर, विधानसभा एवं संसदीय लोकसभा क्षेत्र में किया जाना है ।जिसमें नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वैशाली नगर विधानसभा एवं भिलाई नगर विधानसभा में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे और सभी जगह का निरीक्षण किये । सांसद बघेल ने बच्चों से चर्चा की और बच्चों में खेल के प्रति रुचि देखकर हर्षित हुए । बच्चों को खेल के प्रति लगाव और महत्व को समझाना सभी की जिम्मेदारी है। प्रमुख रूप से 5 मेजर खेल वॉलीबॉल कुश्ती वेटलिफ्टिंग योगासन एथलेटिक्स 100 एवं 400 मी एवं 5 पारंपरिक खेल कबड्डी खो खो गेड़ी पुरुष वर्ग एवं फुगड़ी सुरीली कुर्सी महिला वर्ग का वार्ड स्तरीय आयोजन आज किया गया । शांति नगर दशहरा मैदान में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स 100 एवं 400 मीटर, गेड़ी ,फुगड़ी, सुरीली कुर्सी का आयोजन किया गया। डॉ भीमराव अंबेडकर भवन बैकुंठ धाम में वेटलिफ्टिंग, योगासन एवं कुश्ती किया गया इस तरह भिलाई नगर विधानसभा जयंती स्टेडियम में कबड्डी एथलेटिक्स 100 एवं 400 मी गेड़ी, योगासन, सुरीली कुर्सी किया गया बीएसपी ग्राउंड सेक्टर 2 अंतर्गत वॉलीबॉल बीएसपी सेक्टर ग्राउंड 3 में कुश्ती बीएसपी सेक्टर 4 ग्राउंड में खो खो एवं सेक्टर 6 पावर जिम में वेटलिफ्टिंग किया गया। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन पंजीकृत अभ्यर्थियों का 15 अक्टूबर को भी होगा । जिसमें सभी पंजीकृत 9 से 15 उम्र तक, 15 से 30 एवं 30 से अधिक उम्र के विद्यार्थी या नागरिक शामिल हो सकते हैं । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिंहा, पार्षद महेश वर्मा, संतोष मौर्य, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, पार्षद नोहर वर्मा, जोन आयुक्त ऐशा लहरे आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### महापौर ने दो वार्डों को दिए आठ लाख



**भिलाई।** रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर और एचएससीएल कालोनी स्टेशन मरोदा में निर्माण कार्य के लिए 8 लाख रुपए स्वीकृत की है। विकास कार्य को आरंभ करने उन्होंने वार्ड 10 और वार्ड 18 पहुंचकर भूमिपूजन भी किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि निगम क्षेत्र में वे धीरे-धीरे विकास कार्य को पूर्ण कराकर मांगों को पूरा करेंगे। महापौर शशि सिन्हा पहले वार्ड 10 पहुंची। यहां पर उन्होंने एमआईसी सदस्य जमुना ठाकुर के अनुरोध पर 5 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से ब्लाक 249 से 252 तक के छूटे हुए आंगन में सीमेंटीकरण का कार्य पूर्ण होगा। इसी तरीके से पार्षद रेखा देवी की मांग पर महापौर ने तीन लाख की राशि स्वीकृत की है। इस राशि से वार्ड में गौरा चौड़ी निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा। महापौर ने उपस्थित महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

### हर्षल लंदन फैशन फिल्म फेस्टिवल के लिए नामित

**भिलाई।** सेल के कार्यपालक



निदेशक आरके बिसारे के पुत्र और भारतीय फैशन फोटोग्राफर और फिल्म निर्माता हर्षल बिसारे फिल्म द अनसीन सीन के लिए प्रतिष्ठित लंदन फैशन फिल्म फेस्टिवल 2025 में नामित किये गये हैं। यह फिल्म रोजमर्रा की जिंदगी में प्रामाणिकता और भूमिका निभाने के बीच के तनाव को दर्शाती है। यह दर्शाती है कि कैसे परफेक्ट दिखने की चाहत दूसरी प्रकृति बन जाती है। यहां तक कि निजी पलों को भी आकार देती है। फैशन और सिनेमाई कहानी कहने के अद्भुत मिश्रण के माध्यम से द अनसीन सीन हर्षल की विशिष्ट शैली को दर्शाती है। हर्षल बिसारे ने बताया कि यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है। यह पहचान, पूर्णता और प्रदर्शन के बारे में है। हम खुद को दुनिया के सामने कैसे पेश करते हैं। इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर मान्यता मिलना न केवल मेरे लिए, बल्कि इसमें योगदान देने वाले सभी लोगों के लिए बहुत मायने रखता है।

## सीटू ने बीएसपी प्रबंधन से की रिनोवेशन की मांग

# जन्म-मृत्यु पंजीयन विभाग मांग रहा मेंटेनेंस, लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर प्रशासन सेवाएं विभाग के जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय में व्याप्त समस्या के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीटू यूनियन ने बीएसपी प्रबंधन से जल्द समस्याओं के निदान की मांग की है। इससे लोगो के साथ स्टाफ को भी राहत मिलेगी।

सीटू ने मुख्य महाप्रबंधक के नाम औद्योगिक संबंध विभाग को ज्ञापन सौंपा। बताया कि सेक्टर 9 अस्पताल परिसर में शिफ्ट तो कर दिया है लेकिन वहां की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जो कार्य किए जाने चाहिए थे, वह नहीं करने के चलते बहुत सी समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। इस कार्यालय में लोग बड़ी संख्या में लोग प्रमाण पत्र बनाने के लिए आते हैं। यूनियन ने कहा कि यहांस्थाई रजिस्ट्रार की आवश्यकता है । वर्तमान में रजिस्ट्रार इस कार्यालय में स्थाई रूप से बैठते नहीं है क्योंकि उक्त रजिस्ट्रार के पास चार पांच अन्य विभाग का प्रभार दिया गया है। जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय के लिए स्थाई रजिस्ट्रार नियुक्त होने से लोगों को राहत मिलेगी। कार्यालय में रखे जन्म मृत्यु से सम्बंधित लाखों महत्वपूर्ण रिकार्ड जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं,इन रिकार्डो का डिजिटलाइजेशन किया जाए।

**स्थाई रजिस्ट्रार नहीं होने व रिकार्ड दुरुस्त नहीं होने से बढ़ी लोगों की परेशानी**




### नहीं है एसी कूलर

सेक्टर नौ अस्पताल परिसर में यह पंजीयन कार्यालय प्रथम तल पर होने से कई तरह की दिक्कतें आने वालों को रही हैं। गर्मियों में कमरों में भारी उमस व गर्मी होती है। यहां ए सी तो छोड़िए कूलर तक नहीं हैं। कार्यालय में जल्द कूलर एवं ए सी की आवश्यकता है । सीटू यूनियन ने बीएसपी प्रबंधन से इस महत्वपूर्ण कार्यालय की सभी समस्याओं के जल्द निदान की मांग की है।

### कार्यालय में हो मेंटेनेंस व महिला वाशरुम

जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय को सेक्टर 9 अस्पताल के पुराने कॉफी हाउस में शिफ्ट करते समय नगर प्रशासन सेवाएं विभाग के अधिकारी आश्वासन दिए थे कि 15 दिनों में पूरी व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाएगी । लेकिनचार महीने बाद भी इस पंजीयन कार्यालय की सीढ़ियों के नीचे कबाड़ एवं गंदगी पसरी पड़ी है। खिड़की के बाहर नीचे कचरा पसरा है। पुरुष व महिलाओं के लिए एक ही वाशरुम होने से महिलाओं का असुविधा हो रही है। सीटू ने कार्यालय के अंदर और बाहर रिनोवेशन एवं मेंटेनेंस कार्य और महिलाओं के लिए वाशरुम निर्माण किए जाने की मांग की है।

## डायरेक्टर इंचार्ज महापात्र ने किया उद्घाटन

# एसपी 3 में टॉप फायरड कर्टन फ्लेम इग्निशन और कोक ओवन गैस इंजेक्शन सिस्टम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 के सिंटर मशीन-2 में टॉप फायरड कर्टन फ्लेम इग्निशन सिस्टम एवं कोक ओवन गैस (सीओजी) इंजेक्शन सिस्टम का शुभारंभ बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र द्वारा किया गया।

यह आधुनिक टॉप फायरड कर्टन फ्लेम इग्निशन फर्नेस को 2 से 11 सितंबर तक संचालित कैपिटल रिपेयर के दौरान सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। इस दौरान पुराने साइड बर्नर सिस्टम को हटाकर नया अत्याधुनिक इग्निशन फर्नेस लगाया गया।

स्थापना और स्टेबलाइजेशन के उपरान्त इस उन्नत प्रणाली ने उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। गैस की खपत 1250–1300 नॉर्मल घन मीटर/घंटा से घटकर अब 850–900 नॉर्मल घन मीटर/घंटा रह गई है। साथ ही, पेलेट-साइड इग्निशन में भी सुधार हुआ है।

### कोक ब्रीज की बचत संभव

ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और परिचालन में स्थायित्व लाने की दिशा में, कैपिटल रिपेयर के इसी चरण में कोक ओवन गैस इंजेक्शन सिस्टम भी शुरू किया गया। इस प्रणाली से सिंटर की गुणवत्ता में सुधार हुआ तथा प्रति टन सिंटर में 1.5 किलोग्राम कोक ब्रीज़ की बचत संभव हुई, जो संयंत्र के लिए ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इन दोनों प्रणालियों का औपचारिक उद्घाटन निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार एवं तत्कालीन मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी अनूप कुमार दत्त भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीजीएम प्रोसेनजीत दास, पीके सिंह, हरीश सचदेव, एस. वर्गीज़ सहित एसपी-3, एसपी-2 एवं केंद्रीय एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। आरडीसीआईएस तथा सेल की अन्य इकाइयों के प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में ऑनलाइन जूम माध्यम से जुड़े। परियोजना की तैयारी एवं क्रियान्वयन कार्य में अनूप कुमार सहित जीएम आई वी रामन्ना डीजीएम एमयू राव; वरिष्ठ प्रबंधक, ओम नमः शर्मा जितेश शाहनी, विपिन मौर्य; महाप्रबंधक एके बेडेकर एवं आर. डी. शर्मा; एजीएम विकास पिपरानी; सहायक महाप्रबंधक, दीपक गुप्ता; वरिष्ठ प्रबंधक अरूणेश शर्मा; जीएम जे मोटवानी; डीजीएम जीतेंद्र शर्मा; उपप्रबंधक एस भट्टाचार्य; वरिष्ठ प्रबंधक एसके पाटिल वीके चौधरी जीएम मेजी मेजर सिंह; तथा डीजीएम देवेंद्र सोनार की भूमिका रही।

# नशामुक्ति के लिए अक्टूबर-नवंबर में चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जिले में नशा मुक्त भारत अभियान की गतिविधियों की समीक्षा के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में नशा मुक्ति संबंधित जागरूकता और शिक्षा, हेल्पलाइन और संसाधन, सामुदायिक शिक्षा,

- कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश
- 10 प्रतिशत आबादी को जोड़ेंगे अभियान से
- स्कूल और कॉलेजों में चलेगा जागरुकता कार्यक्रम

उपचार, परामर्श और सहायता, पुनर्वास सेवाएं, युवाओं को शामिल करना और सशक्त बनाना, सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना, स्वयंसेवी और आउटरीच कार्यक्रम, स्कूलों और कॉलेजों में जागरुकता, कानूनी प्रवर्तन, और नीतियों के क्रियान्वयन, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, सामुदायिक प्रयास जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को अभियान के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में अभियान की कार्ययोजना से अवगत कराते हुए बताया कि नशामुक्ति अभियान अंतर्गत अक्टूबर 2025 के अंतिम सप्ताह से नवंबर के प्रथम सप्ताह तक जिले में नशामुक्त भारत अभियान चलाया जाना है। इस दौरान शुभंकर टैगलाईन नशा मुक्त भारत, खुशहाल भारत और नशामुक्त हैशटैग के साथ जनसंचार माध्यमों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक प्रचार किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा जिले की कुल जनसंख्या के कम से कम 10 प्रतिशत लोगों को अभियान से जोड़कर अक्टूबर 2025 के अंतिम सप्ताह तक नशे के विरूद्ध शपथ दिलाने का लक्ष्य पूर्ण किया जाए।

**हैशटैग के जरिए लोगों को करेंगे जागरूक**




# रावघाट परियोजना, सेल व कलिंगा कमर्शियल के बीच माइनिंग सर्विसेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

स्टील ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रावघाट लौह अयस्क परियोजना के विकास के तहत सेल एवं भुवनेश्वर स्थित मेसर्स कलिंगा कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच '14 एमटीपीए क्षमता वाली रावघाट खनन परियोजना के विकास एवं संचालन के लिए नए माइन डेवलपर-कम-ऑपरेटर के चयन के लिए माइनिंग सर्विसेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता 28 वर्षों की अवधि के लिए किया गया है। इसमें प्रारंभिक तीन वर्ष निर्माण अवधि के रूप में निर्धारित हैं। इस अवधि में नया एमडीओ



खदान के सर्वांगीण विकास और संचालन का दायित्व संभालेगा। इससे सेल के एकीकृत इस्पात संयंत्रों के लिए लौह अयस्क की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित होगी और संगठन की दीर्घकालीन कच्चे माल की सुरक्षा सुदृढ़ होगी।

### 28 साल के लिए हुआ एग्रीमेंट

समझौते पर मुख्य महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट ने सेल की ओर से तथा निदेशक मनोज रंजन सामल ने मेसर्स कलिंगा कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से हस्ताक्षर किए।

एग्रीमेंट हस्ताक्षर कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, प्रवीण निगम, पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी तथा अरुण कुमार सहित भिलाई इस्पात संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, परामर्शदाता सीईटी एवं मेसर्स कलिंगा कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधियों की उपस्थिति थे।

### बंगाली समाज का मिलन समारोह आज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज भिलाई कैंप क्षेत्र द्वारा 15 अक्टूबर बुधवार को शाम 7 बजे कैम्प 2 विवेकानंद नगर बंगाली मोहल्ला हरि संघ काली मंदिर प्रांगण एवं खाली स्थल पर मिलन समारोह का आयोजन है। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज प्रदेशाध्यक्ष सुमन शील करेंगे। अतिथि के रूप में डॉ दीप चटर्जी, तपन सरकार, रतन दास गुप्ता, सुमित घोषाल, संजय दत्ता, सपन घटक, काजल चक्रवर्ती, विद्युत चौधरी, अजय मिश्रा, प्रदीप राय, तपन दास, सुब्रत मोदक मौजूद होंगे।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## आईजी और एसएसपी की अध्यक्षता में हुई बैठक, पुलिस गश्त बढ़ेगी

# पुलिस हाई अलर्ट, बीट प्रणाली बेहतर ढंग से लागू करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दीपावली और छठ पर्व में जिले की कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए आईजी राम गोपाल गर्ग, एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुलिस कंट्रोल रुम में सभी राजपत्रित अधिकारी और थाना प्रभारियों की बैठक ली।

इस दौरान पुलिस ने बीट प्रभारी भी बनाए गए है। दीपावली में सभी बीट प्रभारियों के मोबाइल नंबर दीवारों पर वाल पेंटिंग कराकर सार्वजनिक करना होगा। जिससे किसी भी अप्रिय घटना और सूचना तुरंत पुलिस को मिल सके। बैठक आईजी और एसएसपी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना, चौकी प्रभारी शामिल हुए। बैठक में त्यौहारों के मद्देनजर सुरक्षा, ट्रैफिक, बाजार व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। आईजी गर्ग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दीपावली त्यौहार में कानून व्यवस्था बनाए रखने और आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाने की बात कही है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, बाजारों और पूजा स्थलों पर विशेष निगरानी,किसी भी आपराधिक गतिविधि को रोकने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी।

एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में बीट प्रणाली को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

हर बीट का नामजद प्रभारी, सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया है। क्षेत्र के गुंडा-बदमाशों, निगरानीशुदा व्यक्तियों और अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। संदिग्धों के खिलाफ बाउंड ओवर की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बैठक में एएसपी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, पद्मश्री तंवर समेत पुलिस अफसर मौजूद थे।

**दीपावली और छठ पर्व को लेकर पुलिस सजग**





### सीसी कैमरा लगाना हुआ अनिवार्य

त्यौहारी सीजन पर बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए एसएसपी ने सभी थाना-चौकी प्रभारियों को शाम के समय गश्त बढ़ाने और मुस्तैदी से ड्यूटी करने पुलिस कर्मियों से कहा है। दुकानों के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने के लिए व्यापारियों को समझाइश दी है। किसी भी तरह की चोरी या विवाद की स्थिति से बचा जा सके। वहीं पुलिस कर्मियों को तकनीकी साधनों का अधिकतम उपयोग कर अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। दीपावली त्यौहार के अवसर पर जिले में अप्रिय घटना न हो और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को बेहतर काम करने के निर्देश दिए गए है। पुलिस ने बीट प्रभारियों की नियुक्ति भी की है। बीट प्रभारी और थाना प्रभारियों के मोबाइल नंबर अब प्रमुख स्थानों पर वाल पेंटिंग के जरिए लिखा जाएगा। जिससे आम जनता आसानी से पुलिस के संपर्क में रहे।

### शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

दीपावली और छठ पर्व के दौरान जिले में पूर्ण शांति, कानून व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा बनी रहे। शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सख्ती बरती जाएगी। त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी, सभी बड़े बाजारों में भी गश्त की जाएगी। इस मामले में व्यवसायियों को भी जागरूक रहने का आग्रह किया गया है।

-विजय अग्रवाल, एसएसपी दुर्ग

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 15 अक्टूबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



02



फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट हैं चलन में, खरीदने से पहले देखें इन लुक्स को


लाइव इवेंट

## कोडागिरी पर्व पर बनाई खीर, बांटा प्रसाद महिलाओं ने खेला एक मिनट का गेम



**भिलाई।** मां अनुसूइया महाराष्ट्र मंडल ने मां सरस्वती की पूजा की। साथ ही कोडागिरी का पर्व मनाया। पर्व के दिन आंगन में दूध का प्रसाद बनाया गया। शास्त्रों के अनुसार रात को 12 बजे चंद्रमा अमृत बरसाते हैं। ये दुग्ध प्रसाद सेवन करने से श्वास व दमा जैसी बीमारी में लाभ मिलता है। कुंवारी कन्या शिवजी व पार्वती माता (भुलाबाई) के रूप में मूर्ती की पूजा की जाती है।

भुलाबाई के गाने गाए जाते हैं। यह आयोजन किया गया। शास्त्रों के अनुसार कोजागिरी पर्व हर घर में मनाया जाता है। इस आयोजन में मन्दाताई कामिनकर, कल्पना पराये, सरोज साकोरे, वनश्री मरजिवे, संगीता कोसे, रेखा सावरकर, भारती उज्वने सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर एक मिनट का गेम खेला गया। आशा थनखराटे, संगीता काले, भारती उज्वने सम्मानित की गईं। हाउजी में कल्पना पराये, खुशी लोणारे विजेता रहीं। कार्यक्रम में शोभा तिवसकर, ज्योती नागपुरे, भारती पुनटकर, रेणुका तांबेकर, मीना राजनन, क्रांती जेवने, चित्रा सावरकर, सुरेखा भुतडा, माला बुलबुले सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## छात्राओं को मिली साइकिल, घंटी बजाकर विधायक का किया अभिवादन



**दुर्ग।** ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल मतवारी की छात्राओं को सरस्वती सायकिल योजना के तहत सायकिल का वितरण किया। छात्राओं ने सायकिल की घंटी बजाकर विधायक ललित चंद्राकर का अभिवादन किया। छात्राओं को तिलक लगाकर मिठाई खिलाया और साइकिल वितरण किया। साथ ही विधायक निधी से 2 लाख रुपए लागत से निर्मित किचन शेड का विधिवत पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया और शाला परिवार को समर्पित किया। इस अवसर पर साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राएं बताती है कि एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता था, लेकिन सायकिल मिलने से अब पैदल चलना नहीं पड़ेगा। बहुत कम समय में ही स्कूल और स्कूल से घर पहुंच जाएंगे। इस योजना का लाभ पाने वाली छात्राएं कहती है कि छत्तीसगढ़ सरकार की सरस्वती साइकिल योजना स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए काफी अच्छी योजनाएं है।

इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का विधायक ललित चंद्राकर का बहुत-बहुत धन्यवाद करते है। चंद्राकर ने अपील की कि दीपावली के अवसर पर स्वदेशी वस्तु को अपनाना है। छात्राओं से आग्रह किया कि अपने स्कूल परिसर को हराभरा रखो और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षा रोपण करने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में सरपंच द्रोपती साहू, उपसरपंच टेकराम साहू, कमलेश साहू, लीलाधर साहू, नवीन कुमार साहू, गोपेश्वरी साहू सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## अंतराष्ट्रीय कुडो स्पर्धा के लिए पेमेश्वर कौशिक इंडिया टीम में हुए सलेक्ट



**दुर्ग।** 1 से 7 नवम्बर तक जापान के टोकियो में होने वाले कुडो एशिया कप में सीनियर पीआई केटेगरी 240 में छत्तीसगढ़ से एक कुडो खिलाड़ी पेमेश्वर कौशिक का चयन हुआ है। वे 31 अक्टूबर को मुंबई एयरपोर्ट से कुडो इंडिया टीम के साथ टोकियो के लिए रवाना होगा। कोच लीलिमा सोनी के मार्गदर्शन में पेमेश्वर कौशिक 2020-21 से अबतक कुडो खेल के राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में जूनियर वर्ग में मेडल जीत कर छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करते रहा है। इस बार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत कर एशिया कप के लिए इंडिया टीम में जगह पक्का किया है। कोच लीलिमा ने मिडिया को बताया कि कुडो में पहली बार कोई खिलाड़ी अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए छत्तीसगढ़ से अन्य देश जा रहा है। तनूजा सलाम संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर ने स्वयं सलेक्शन लेटर भेंट कर पेमेश्वर कौशिक को कुडो एशिया कप में बेहतर खेल प्रदर्शन करने कहा। पेमेश्वर की इस उपलब्धि पर विलियम लकड़ा सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला दुर्ग, कुडो एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की चेयरमेन अनुराधा सिंह अध्यक्ष राजा कौशल सचिव मनीष कुमार साहू, कोषाध्यक्ष भूपत साहू एवं संरक्षक आशीष सुराना ने पेमेश्वर कौशिक को शुभकामनाएं दी है।

● भिलाई-दुर्ग के सभी बाजारों में मंगलवार को पूरे दिन पैर रखने तक जगह नहीं, जमकर खरीदारी

# पुष्य नक्षत्र के साथ बाजार में लौटी रौनक, आफरों की भरमार, ज्वेलरी ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स में बूम, आज 12 बजे तक विशेष मुहूर्त

**दिवाली से पहले आए पुष्य नक्षत्र में मंगलवार को बाजारों में लोगों ने अपने जरुरत के सामान की जमकर खरीदारी की। इलेक्ट्रानिक, सराफा, ऑटो मोबाइल, रियल स्टेट, बर्तन व रेडीमेड गारमेंट्स में करीब सवा चार करोड़ रुपए के कारोबार होने का अनुमान है। पुष्य नक्षत्र खरीदारी के लिए शुभ मुहूर्त में से एक है, जिससे कारण दुकानों में सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की मौजूदगी ने बाजार में रौनक लौट आई। पुष्य नक्षत्र के चलते मंगलवार को भिलाई-दुर्ग के जवाहर मार्केट, रिंग रोड, सराफा बाजार, आकाशगंगा, सिविक सेंटर, रिसाली, इंदिरा मार्केट, जवाहर मार्केट, सराफा लाइन सहित अन्य जगहों पर भीड़ उमड़ी। ऑटोमोबाइल सहित रेडिमेड कपड़ों की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ से बाजार में रौनक बनी रही। पुष्य नक्षत्र का योग होने के कारण लोगों ने देर शाम तक सोने चांदी के आभूषण, चांदी के बर्तन, बाइक, मकान की खरीदारी जमकर की। बता दें कि मुहूर्त 15 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे तक है। इस वजह से बुधवार को भी खरीदारी को विशेष शुभ माना गया है।**



**भिलाई।** सराफा व्यवसायी सुनील जैन के अनुसार बाजार में पूर्व की तुलना में तेजी आई है। शहर में करीब सराफा बाजार से 60 फीसदी व्यवसाय हुआ है। इसी प्रकार ऑटोमोबाइल में चारपहिया और दोपहिया वाहनों की बुकिंग के लिए लोग पहुंचे। ज्वेलरी में सहेली, ओम ज्वेलर्स, सांखला ज्वेलर्स, नयनतारा, ऑटोमोबाइल में रायल इन्फिल्ड, बिल्डरों में इथोपिया, अजय चौहान, टू वैल्यू सहित अन्य जगहों पर लोग बुकिंग के लिए पहुंचे। इन संस्थानों में इस बार ऑफरों की भरमार है। बाइक में इन्फिल्ड की डिमांड पिछले कुछ समय में बढ़ी है। डीलर बताते है कि अधिकांश बाइक और कारों की बुंकिग पुष्य नक्षत्र को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों ने पहले ही करा लिए थे। अचानक मन बनाकर शो-रूम आए ग्राहकों को मनमाफिक कलर नहीं मिला। लेकिन इसके बाद भी बहुतों ने नए और आकर्षक कलरों के पंसद की। प्रतिष्ठित टू-वीलर शो रूम संचालक के अनुसार ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में करीब एक करोड़ के कारोबार का अनुमान है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की दुकानों पर ग्राहकों ने एलईडी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, ओवन, सहित गीजर व अन्य आधुनिक उपकरणों खरीदारी जोरों पर रही। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खरीदने शो-रूम लोग पहुंचे। उपकरणों के फीचर्स व उस पर वारंटी की पूछपरख कर घर ले गए। चेंबर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधियों ने बताया कि पुष्य नक्षण और दिवाली को लेकर व्यवसायियों के द्वारा विशेष छूट और लकी ड्रा जैसे लुभावने स्कीम भी बाजार में चलाए गए।



बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल भी मार्केट पहुंचे।

### बर्तन बाजार में आई तेजी

इस वर्ष पीतल, तांबा व स्टील के रेट कम होने से बर्तन बाजार व्यवसाय में तेजी नजर आई। पुष्य नक्षत्र पर लोगों ने पीतल के बर्तनों के अलावा स्टील के बर्तन भी खरीदे। बर्तन बाजार में नए वैरायटी व रेंज मौजूद है। जो महिलाओं के द्वारा काफी पंसद किया जा रहा है। सदर बाजार, गांधी चौक और इंदिरा मार्केट के बर्तन व्यवसायियों ने पुष्य नक्षत्र से बाजार में तेजी आने की बात कही है। रेडिमेड गारमेंट्स में युवा अपनी पसंद के जीन्स शर्ट खरीदते नजर आए। वहीं नए जेनरेशन के बच्चों ने फंकी स्टाइल के ड्रेस की तरफ आकर्षित हुए। महिलाओं ने साड़ियां व युवतियों ने रेडीमेड सलवार, कुर्ती की खरीदी की।

### आज दोपहर 12 बजे तक विशेष मुहूर्त, इसलिए आज भी खरीदारी



वैदिक पंचाग के अनुसार मंगलवार यानी आज सुबह 11 बजकर 54 मिनट से पुष्य नक्षत्र शुरू हुआ। इसका समापन 15 अक्टूबर बुधवार को 12 बजे होगा। ज्योतिष शास्त्र में 27 नक्षत्रों के बारे में बताया गया है, जिसमें से एक पुष्य नक्षत्र भी है। इस दिन विघ्नहर्ता गणेश, धन की देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप करना फलदायी होता है। हिंदू धर्म में किसी भी शुभ कार्य को करने और शुभ खरीदारी के लिए शुभ मुहूर्त का विशेष महत्व होता है। 14 और 15 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र का संयोग बन रहा है, फिर इससे बाद 20 को दीपावली का त्योहार है। पुष्य नक्षत्र को सभी 27 नक्षत्रों में राजा का दर्जा मिला हुआ है। आपको बता दें कि इस बार दिवाली से पहले 14 और 15 को मंगल पुष्य योग और बुध पुष्य योग बनेगा। जन्मकुंडली विशेषज्ञ पं. एसके शास्त्री ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार 14 को सुबह 11 बजकर 54 मिनट से पुष्य नक्षत्र शुरू हुआ, जिसका समापन 15 अक्टूबर बुधवार को 12 बजे होगा। बुध ग्रह धन और बुद्धि का कारक है, जबकि पुष्य नक्षत्र शुभता और उन्नति का प्रतीक है। बुध पुष्य योग में किए गए कार्य आर्थिक उन्नति में सहायक होते हैं। व्यापार में लाभ और धन प्राप्ति के लिए यह योग विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इस योग में व्यापार, शिक्षा, या अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की शुरुआत करना बहुत शुभ माना जाता है। यह समय नई ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक है।

## राज्यस्तरीय ओपन कराते चैम्पियनशिप में जिले को 10 गोल्ड मेडल, मिला सम्मान




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय ओपन कराते चैम्पियनशिप 2025 राजधानी रायपुर के पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी फिजिकल एजुकेशन जिम्नेजियम हाल में संपन्न हुआ।

राजधानी कराते अकादमी राज्य कराते संघ यूएसके छत्तीसगढ़ एवं कराते वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। बलौदा बाजार, जांजगीर चापा, शक्ति, बिलासपुर, महासमुंद, गरियाबंद, कोरिया, दुर्ग, कोरबा, राजनांदगांव, रायगढ़, सारंगढ़, कवर्धा, बेमेतरा सहित राजधानी रायपुर जिला के 400 महिला पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। दुर्ग जिले से सेंसाई हरीश साहू सहित 17 खिलाड़ियों ने जिला का प्रतिनिधित्व किया। काता इवेंट एवं कुमीते इवेंट में 17 खिलाड़ियों में से 10 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडम प्राप्त कर दुर्ग जिला का नाम रोशन किया। 4 सिल्वर , 3 बॉन्स मेडल भी प्राप्त किया।

गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले वाले खिलाड़ी में तेजेश्वरी साहू, मेघा गोस्वामी, संगम वर्मा, प्रियल साहू, धारणी साहू, पुष्पलता साहू, मोक्ष साहू, बबीता साहू, शाहिदा बेगम, प्रेरणा बंजारे शामिल हैं। खिलाड़ी नेशनल में भी 7 बार गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुके हैं। यूएसके इंडिया के जनरल सेकेटरी सिहान अरुण पांडे, रुक्मणि रानू, वीरेंद्र डडसेना ने बधाई दी है।

## पोश एक्ट 2013 की दी जानकारी, जहां 10 महिला कर्मी वहां समिति का होगा गठन



**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन के संबंध शिकायत समिति के गठन के लिए निर्देशित किया है। इसके अंतर्गत ऐसे कार्यालय, विद्यालय जहां 10 या 10 से अधिक महिला कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां पोश एक्ट 2013 के अंतर्गत आंतरिक शिकायत समिति का गठन करते हुए पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के परिपालन में गठित समिति की जानकारी पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग किये जाने के संबंध में विगत दिवस को कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग की प्रभारी अधिकारी प्रीति बाला शर्मा ने किया। उनके द्वारा पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग किये जाने के संबंध में लाइव जानकारी दी गई। कार्यशाला में सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक गौरी शुक्ला, प्रत्याक्षा सिंह चौहान, सीमा विश्वकर्मा, चिंतामणि साहू सहित अन्य मौजूद थे।

आईआईटी रुड़की के सहयोग से आरएसआर रुंगटा कॉलेज ने किया आयोजन

# वर्चुअल लैब की कार्यप्रणाली और शैक्षणिक उपयोगिता पर व्याख्यान, स्टूडेंट्स को दी गई रिमोट एक्सेस से जुड़ी जानकारी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आरएसआर रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज में वर्चुअल लैब पर एक दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। संचालन आईआईटी रुड़की द्वारा किया गया। कॉलेज के सभी संकाय सदस्यों ने इस कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अभिनव पहल का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को वर्चुअल लैब की कार्यप्रणाली, उसकी शैक्षणिक उपयोगिता और भविष्य की संभावनाओं से परिचित कराना था, ताकि विद्यार्थी आने वाले समय में उन्नत तकनीक आधारित प्रयोगात्मक शिक्षा का लाभ प्राप्त कर सकें। वर्चुअल लैब की विशेषताओं में विद्यार्थियों के लिए रिमोट-एक्सेस सुविधा, सिमुलेशन आधारित प्रयोग, लगभग 1000 प्रयोग जो इंजीनियरिंग एवं विज्ञान के 9 प्रमुख विषयों से संबंधित हैं। एआईसीई और यूजीसी पाठ्यक्रमों से संबद्ध हैं। एक संपूर्ण लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम जिसमें वेब संसाधन, वीडियो लेक्चर, एनीमेटेड डेमोंस्ट्रेशन तथा सेल्फ-इवैल्यूएशन टूल्स शामिल हैं। कार्यशाला का संयोजन परिनीता झा नोडल ऑफिसर रुड़की ने किया। उन्होंने वर्चुअल लैब के महत्व पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया।



### अत्याधुनिक लैब स्थापित किए जाने का निर्णय

सभी गणमान्य अतिथियों ने प्राचार्या डॉ. मनीष वर्मा की इस दूरदर्शी पहल की सराहना की और परिनीता झा के सतत प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर रुड़की से प्रो. आरएस. आनंद और चेतन ने भी कॉलेज को बधाई दी। संस्थान ने घोषणा की कि यह पहल भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी और निकट भविष्य में आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञ दल भिलाई आकर विद्यार्थियों के लिए और भी प्रयोगशालाएं स्थापित करेंगे। ताकि नवाचार और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में कॉलेज नई ऊंचाइयां स्थापित कर सके।

### ऐसे आयोजन नवाचार और प्रायोगिक शिक्षा में मील का पत्थर

इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. मनीष वर्मा ने इसे संस्था और विद्यार्थियों के लिए ऐतिहासिक पहल बताया और कहा कि यह नवाचार एवं प्रायोगिक शिक्षा की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. श्रीकांत बुर्जे (निदेशक अकादमिक) एवं डॉ. मोहम्मद शाजिद अंसारी (निदेशक प्रशासन) द्वारा किया गया। निदेशक डॉ. साकेत रुंगटा और चेयरमैन संजय रुंगटा ने भी अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बहुत कम संस्थानों को आईआईटी रुड़की से सीधे जुड़ने का अवसर मिलता है। यह कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है।



## सिटी इवेंट

### वाद-विवाद और साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा




■ नवीन शासकीय महाविद्यालय में वाणिज्य परिषद का गठन

**दुर्ग।** नवीन शासकीय महाविद्यालय नगपुरा में वाणिज्य परिषद का गठन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय महाविद्यालय पाटन के डॉ. गौरव शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ढालेश कुमार पटेल ने की। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. शीतल शर्मा ने किया। परिषद प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. ए शशांक राव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए परिषद की आगामी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिषद के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु औद्योगिक भ्रमण, वाद-विवाद प्रतियोगिता, उद्यमिता मेला, साइबर सुरक्षा कार्यशाला जैसी शैक्षणिक एवं कौशलवर्धक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका वर्षा ठाकुर सहित संकाय के अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वाणिज्य परिषद के नवीन पदाधिकारियों की घोषणा की गई। अध्यक्ष के रूप में बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा इशा देवांगन, उपाध्यक्ष विपुल व्यास, सचिव नेहा, सह-सचिव सोनम, तथा कोषाध्यक्ष के रूप में सुमन निर्मलकर और विपुल का चयन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. गौरव शर्मा ने विद्यार्थियों को वाणिज्य क्षेत्र में नवाचार, उद्यमिता और करियर के विविध अवसरों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ऐसी परिषदें विद्यार्थियों में नेतृत्व, रचनात्मकता और प्रबंधन कौशल का विकास करती हैं। वाणिज्य परिषद गठन समारोह अपनी भव्यता को समाहित किए हुए, छात्र-छात्राओं के विकास हेतु विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को विभिन्न मॉडल बनाने हेतु प्रेरित किया गया। समसामयिक विषयों पर आधारित मॉडल निर्मित किया, जिसमें बीकॉम तृतीय सेमेस्टर से विपुल, अंजलि और अंकित साहू द्वारा विलेज स्टार्टअप पर तथा हेमंत ,झमन ,केवल द्वारा साइबर क्राइम व खुशी और नम्रता निषाद द्वारा बैंकों के प्रकार सुमन, सुधा, दिलासा, रुक्मणी और मुकेश द्वारा ई-कॉमर्स एवं बैंकों की कार्य प्रणाली का मॉडल बनाया।

● डोनेट थोड़ा सा का अनोखा आयोजन, ब्लाइंड और जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाई दिवाली

# दिव्यांग बच्चों ने दी प्रस्तुति, शिव तांडव, गौरा-गौरी, राउत नाचा और सुआ नृत्य ने मनमोहा, मिला दिवाली गिफ्ट

दुर्ग। डोनेट थोड़ा सा द्वारा आयोजित खुशियों की दीपावली- 2025 का आयोजन इस वर्ष भी बड़े उत्साह और सेवा-भाव से मनाया गया। यह आयोजन अपने 11वें सफल वर्ष में प्रवेश कर चुका है। ऋषभ देव भवन शिवपारा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष का कार्यक्रम सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय भावनाओं से ओत-प्रोत रहा। इसमें 500 से अधिक जरुरतमंद बच्चों ने भाग लिया, जिन्हें खुशियों वाली किट वितरित की गई। इसमें दीया, नए कपड़े, रंगोली सेट, स्नैक्स, मिठाई, और विशेष उपहार शामिल थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नयनदीप स्कूल के नेत्रहीन बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक संगीत, जिसने सभी उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने सभी की आंखों को नम कर दिया। यह सिद्ध किया कि सच्ची खुशी देखने से नहीं, महसूस करने से होती है। इस वर्ष का विशेष थीम छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गौरा-गौरी, जिसके अंतर्गत बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में केआर डांस ग्रुप द्वारा उत्कृष्ट कोरियोग्राफी की गई। कार्यक्रम का संचालन गीतांजलि एवं ऐश्वर्या ने किया, जबकि सम्पूर्ण आयोजन का संचालन एवं संयोजन अभिजीत पारख ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला चेंबर की अध्यक्ष पायल जैन, जूही व्यास, मानसी गुलाटी, गौतम पारख उपस्थित रहे। उन्होंने जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस आयोजन में रूपल, केसर, आरती, अखिल, भास्कर, नेहा, खुशबू, कुसुम, अंकित, लक्की, प्रांजल, हरजिंदर सिंह, चिराग, विकास जायसवाल, अंजली सिंहका विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में हर दिल में रोशनी, हर चेहरे पर मुस्कान ही सच्ची दीपावली है का संदेश दिया गया।



### 30 से ज्यादा दिव्यांग बच्चों ने दी प्रस्तुति

आयोजित कार्यक्रम में नयनदीप स्कूल के 30 ब्लाइंड बच्चों ने सिंगिग की प्रस्तुति दी। इस दौरान दर्शकदीर्घा में बैठे लोगों ने इसकी खूब सराहना की। इस अवसर पर आसपास की 26 आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्यों की प्रस्तुति दी। इसमें शिव तांडव, सुआ नृत्य, गौरा-गौरी, राऊत नाचा जैसे कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। आयोजकों में अभिजीत पारख ने बताया कि आयोजन का यह 11वां वर्ष रहा, जिसमें बच्चों के साथ दीपावली मनाई गई। उन्हें त्योहार को लेकर जरुरत के सामान भी उपलब्ध कराए गए। बच्चों के साथ समय बिताया गया।





### पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए बच्चे, मनाई दीपावली

इस अवसर पर करीब 500 से ज्यादा बच्चे शामिल हुए। उन्होंने दीपावली मनाई। वे पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। दीपावली को लेकर तैयार गीतों पर भी बच्चों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया। उन्हें नए कपड़े, मिठाइयां, पटाखे, रंगोली सेट सहित अन्य विशेष उपहार दिया गया। अतिथियों ने भी बच्चों के साथ समय बिताया। उन्हें दीपावली की बधाई दी। बच्चों को अपने सेहत का ध्यान रखने और मन लगाकर पढ़ाई करने की नसीहद दी गई। सभी ने बच्चों को अपेक्षिक सहयोग का भरोसा जताया।

## धर्म लाइव

### वोकल फॉर लोकल पर व्याख्यान स्टार्टअप की छात्रों को दी जानकारी



**दुर्ग।** साइंस कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभमां सरस्वती को माल्यार्पण करके किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. के. पद्मावती के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रक्षा सिंह प्राध्यापक इंदिरा गांधी आदिवासी यूनिवर्सिटी अमरकंटक एवं डॉ. किरण कुजूर सहायक प्राध्यायक जीएनए पीजी कॉलेज भाटापारा उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने कौशल विकास के संबंध में चर्चा करते हुये विद्यार्थियों को स्वयं के रोजगार व दूसरों को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वागत भाषण विभागाध्यक्ष डॉ. के. पद्मावती ने दिया। डॉ. रक्षा सिंह ने स्थानीय मार्केट में सामानों की खरीदी एवं बिक्री तथा इससे होने वाले लाभ एवं अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के समय जो पूजा के दौरान फूल आदि सामाग्री विसर्जित की जाती है, उनसे अगरबती, मिठाई के डिब्बे बनाए जा सकते हैं। विद्यार्थियों द्वारा छोटे स्तर पर व्यवसाय किए जाने व स्टार्टअप इंडिया में भारत सरकार द्वारा योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने संवाद किया। रोजगार के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जिज्ञासा पाण्डेय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंशुमाला एवं डॉ. वंदना कश्यप ने दिया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों के साथ महाविद्यायल के अन्य छात्रें की भागीदारी रही। कार्यक्रम में विभाग के सदस्य डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. वंदना कष्यप, डॉ. अंशुमाला, इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल पाण्डेय उपस्थित रहे।

## 7वीं बी की टीम भी विजेता

### इंटर हाउस फुटबॉल चैम्पियनशिप का आगाज सीनियर ग्रुप में 11वीं सी और टैगोर हाउस जीता



**दुर्ग।** केंद्रीय विद्यालय में इंटर हाउस प्रतियोगिता के अंतर्गत फुटबॉल मैचों का आयोजन किया गया। प्रतिदिन छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक, मानसिक एवं नेतृत्व गुणों का विकास करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य उमाशंकर मिश्र, डॉ. अजय आर्य, एमके बोरकर तथा भारत प्रभारी सुरेश कुमार ने किया। एसवीएस गायत्री, वर्षा, प्रधान अध्यापक कमल सोनी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उमाशंकर मिश्र ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि ये आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना के विकास का माध्यम भी है। खेल हमें सिखाते हैं कि सफलता सामूहिक प्रयास और निरंतर समर्पण से ही मिलती है। डॉ. अजय आर्य ने कहा असली जीत तब होती है जब पूरी टीम एक लक्ष्य के साथ खेलती है। एमके बोरकर ने कहा कि खेल के माध्यम से विद्यार्थी सहयोग, संयम और संघर्ष की भावना को आत्मसात करते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। स्पोर्ट्स प्रभारी सुरेश कुमार ने कहा कि शिक्षा और खेल दोनों में उत्कृष्टता का प्रतीक बन चुका है। खेल माह जैसे आयोजन विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा के साथ सहयोग और सौहार्द की भावना को भी सशक्त बनाते हैं। मुकाबले में कक्षा 7वीं और कक्षा 9वीं के शिवाजी, टाइगर, अशोक, रमन तथा टैगोर हाउस के खिलाड़ियों ने भाग लिया। कक्षा 7वीं में 7वीं बी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता। कक्षा 9वीं में 9वीं सी की टीम ने उम्दा खेल का प्रदर्शन कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में कक्षा 11वीं सी तथा टैगोर हाउस की टीम ने शानदार तालमेल और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। अल्तमस मीनाक्षी चंद्राकर आदि ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

## वरिष्ठ कवि डॉ. नीलमणि की हैं पत्नी

### आत्मा देवी दादर ने किया नेत्रदान परिजनों को किया गया सम्मानित



नगर के युवा कवि इन्द्र जीत दादर निशाचर एवं विजयकांत दादर, देव प्रकाश दादर एवं राजकुमारी साहू की माता आत्मा देवी दादर (86 वर्ष) ग्राम चिंवरी ने अपनी आंखें दान की। राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण के तत्वावधान में विश्व दृष्टि दिवस पर जिला चिकित्सालय द्वारा नेत्रदात्री मां आत्मा देवी दादर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी, नेत्र विशेषज्ञ, जिला अस्पताल के समस्त चिकित्सक, नर्स, अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। चिकित्सकों ने कहा कि आज आत्मा देवी की आंख दो जिंदगियों को रौशन कर गई, स्वर्ग या अमरत्व इसी को कहते हैं। नेत्रदान या देहदान महा दान है। मिथ या दकियानूसी विचारों से ऊपर उठकर शरीर परिवार, समाज, राज्य व देश को प्रेरित कर आत्मा देवी अपने घर परिवार समाज के लिए सदैव जीवित रहेंगी। इस अवसर पर सुदूर वनांचल से आए 28 व्यक्तियों ने देहदान की घोषणा शपथ पत्र देकर की। उन्हें भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरोजनी दादर, रत्नादेवी, बंशीलाल, गुरुशरण साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## समाज इवेंट

### निर्यात कर को लेकर चेंबर का प्रतिनिधि मंडल मिला गृहमंत्री से



**भिलाई।** भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उद्योग विंग के प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव व पवन साय से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि नगर निगम भिलाई द्वारा सभी उद्योगों पर निर्यात कर का अतिरिक्त भार डाला जा रहा है, जो पूर्णतः अनुचित, अनैतिक एवं दोहरे कराधान की श्रेणी में आता है। जीएसटी व्यवस्था लागू होने के बाद किसी भी प्रकार का अतिरिक्त कर लगाना उद्योगों के लिए आर्थिक बोझ है। इस कर से उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ेगी, जिससे मूल्य वृद्धि अनिवार्य होगी और इसका सीधा असर सामान्य उपभोक्ता की जेब पर पड़ेगा। श्री भसीन ने कहा कि यह निर्णय उद्योग जगत के हितों के विपरीत है और ऐसा प्रतीत होता है जैसे उद्योगों के खिलाफ कोई साजिश रची जा रही हो। महामंत्री श्री अजय भसीन ने समस्याओं से जुड़ी जानकारी दी। अरुण साव ने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उद्योगों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जेपी गुप्ता, संदीप अग्रवाल, मयूर अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राहुल बंसल, राजेश शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तैयारियों का लिया जायजा, आवश्यक दिशा निर्देश किए जारी

# छत्तीसगढ़ स्थापना का उत्सव इस बार दुर्ग जिले में भी मनेगा, 2 से 4 नवम्बर तक होंगे सांस्कृतिक आयोजन

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** नवंबर को छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना का रजत जयंती वर्ष मनाने जा रहा है। इस बार इसे लेकर जिला मुख्यालय दुर्ग में विशेष कार्यक्रों का आयोजन किया जाना तय किया गया है। 2 नवम्बर से 4 नवम्बर 2025 तक दुर्ग जिले में तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन बड़े ही गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया जाएगा। यह आयोजन गंजपारा स्थित पुरानी गंज मंडी परिसर में किया जा रहा है, जिसकी तैयारियों का निरीक्षण कलेक्टर अभिजीत सिंह ने किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंच निर्माण, विभागीय स्टॉल, बैठक व्यवस्था, पार्किंग आदि की तैयारियां समय पर और सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएं। राज्योत्सव के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जनहितकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी देने हेतु स्टॉल लगाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें टीबी, सिकलिंग, हीमोग्लोबिन, आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड, नेत्र परीक्षण, बीपी, शुगर जांच सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।



### सरकारी योजनाओं के लगेंगे स्टॉल, दी जाएगी जानकारी

इसके साथ ही बिजली विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत नागरिकों का पंजीयन भी किया जाएगा। इस योजना के माध्यम से आमजन सौर ऊर्जा का लाभ उठा सकेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि राज्योत्सव को सफल बनाने के लिए विभागीय समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं, जिससे आमजन बिना किसी असुविधा के कार्यक्रम का भरपूर आनंद ले सकें। इसके अलावा कई अन्य योजनाओं के स्टाल, महिला समूह के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### संस्कृति, परंपरा, खानपान और लोकनृत्य की झलक देखने को मिलेगी

आयोजन स्थल पर संस्कृति, परंपरा, खानपान और लोकनृत्य की झलक देखने को मिलेगी। इसे लेकर व्यापक स्तर पर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। कार्यक्रम स्थल पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, एडीएम अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव व हितेश पिस्दा, नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे। छत्तीसगढ़ को बने 24 साल पूरे हो चुके हैं। अब राज्य अपने 25वें साल में प्रवेश कर चुका है। सरकार ने 2025 को रजत जयंती वर्ष के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। यह पूरा साल छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा, खानपान, लोकनृत्य और खेलों को समर्पित रहेगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### विनु मांकड वन डे ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के विरुद्ध हैदराबाद की जीत



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 19 विनु मांकड वन डे ट्रॉफी 2025 09 अक्टूबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा वन डे मैच मंगलवार को देहरादून में हैदराबाद अंडर-19 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये 45.5 ओवर में सभी 10 विकेट खोकर केवल 168 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से नितांत सिंह ने सर्वाधिक 44 रन तथा विकल्प तिवारी ने 29 रन बनाये। साथ ही फैज खान ने 28 रनों का योगदान दिया। हैदराबाद अंडर-19 टीम की ओर से मलिक ने 3 विकेट प्राप्त किया तथा वफी कच्छी ने 2 विकेट प्राप्त किये। 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद अंडर 19 की टीम ने 26.5 ओवरों में बिना विकेट खोले 169 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। हैदराबाद की ओर से एरोन जार्ज ने नाबाद 112 रन तथा वफी कच्छी ने नाबाद 45 रन बनाये। हैदराबाद ने मैच 74 रनों से जीत लिया।

### राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग में रायपुर 11 वीं बार विजेता



**रायपुर।** 23 वी जूनियर पुरुष/महिला राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप बलौदा बाज़ार में रायपुर जिला की पुरुष टीम ने लगातार 11 वी बार विजेता का ख़िताब अपने नाम किया। 10 से 12 अक्टूबर तक हुई इस प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम जारी कर दिए गए हैं। जिसमें देवव्रत शर्मा स्वर्ण पदक, योगानंद खरे स्वर्ण पदक, चिरंजीव भारती रजत पदक, अंकित भारती रजत पदक, झामेन्द्र पाल कांस्य पदक,तुषार साहू कांस्य पदक, हरीश मार्कण्डेय कांस्य पदक, हंसराज मार्कण्डेय चतुर्थ स्थान दो स्वर्ण, दो रजत एवं तीन कांस्य पदक कुल सात पदक जीतकर 197 अंक हासिल करते हुए टीम चैंपियनशिप पुनः जीतने में कामयाब हुई। वही महिलाओं की टीम में लुकेश्वरी साहू स्वर्ण पदक, प्रीतु साहू रजत पदक, मेघा घृतलहरे रजत पदक, श्रेया साहू कांस्य पदक, काजल बिस्वास भागीदारी, गीतिका टंडन भागीदारी, आयुषी सोनी भागीदारी, महिला वर्ग की बेस्ट लिफ्टर ऑफ़ छत्तीसगढ़ का ख़िताब लुकेश्वरी साहू ने 63 किलोग्राम वजन वर्ग में 73 किलोग्राम स्नैच, 84 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क कुल 157 किलोग्राम वजन उठाकर अपने नाम किया। इस उपलब्धि के लिए रायपुर जिला भारोत्तोलन संघ के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी है।

### राज्य स्तरीय तीरंदाज़ी स्पर्धा आज राजधानी में



**रायपुर।** 25 वीं सब जूनियर बालक-बालिका तीरंदाज़ी प्रतियोगिता का आयोजन राजधानी रायपुर में 15 अक्टूबर की साइंस कॉलेज मैदान में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के तीरंदाज जिले के कोने-कोने से सम्मिलित होंगे। स्पर्धा सुबह 9 बजे प्रारम्भ होगी। प्रतिस्पर्धियों को अधिक जानकारी के लिए उमेश बघेल, दुर्गेश नंदिनी, भरत यादव, अंकित मौर्य, धर्मेश गोफने और हीरू साहू से संपर्क कर सकते है। प्रतियोगिता में विजयी तीरंदाज, रायपुर में ही होने वाली 45 वीं जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी स्पर्धा में शामिल होंगे। राष्ट्रीय स्पर्धा में 24 तीरंदाज, 6 कोच एवं मैनेजर सहित कुल 30 सदस्य भाग लेंगे। यह जानकारी प्रदेश तीरंदाजी एसोसिएशन के सचिव आयुष मुरारका ने दी।

### कुडो स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ के पेमेश्वर इंडिया टीम में चयनित



जापान के टोकियो में 1 से 7 नवम्बर तक होने वाली सीनियर पीआई केटेगरी 240 में छत्तीसगढ़ के एक मात्र कुडो खिलाड़ी पेमेश्वर कौशिक का चयन हुआ है। वे 31 अक्टूबर को मुंबई एयरपोर्ट से कुडो इंडिया टीम के साथ टोकियो के लिए रवाना होंगे। तनूजा सलाम डायरेक्टर खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने पेमेश्वर को चयन प्रमाण पत्र भेंट कर बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनायें दी।

---

### सिर्फ हार्ट अटैक तक सीमित नहीं है बीमारियां, हो सकती हैं कई अन्य व्याधियां भी

# दिल में एक नहीं, हो सकती हैं कई तरह की तकलीफें, जरूरी है आपको जानना

कोरोना महामारी के बाद विश्वभर में हार्ट संबंधी बीमारियां तेजी से सामने आई हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की डेटा की मानें तो 2020 में हृदय रोगों से दुनियाभर में 18.6 मिलियन लोगों की मौत हो गई, जो सभी मौतों का 32% है और यह आंकड़ा डराने वाला है।

इधर भारत में बीते दो सालों में अचानक हार्ट अटैक से मरने वालों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है। खासतौर पर कम उम्र के बच्चे और अधिकांश युवा हार्ट संबंधी बीमारी का शिकार हुए हैं और देखने में आया है कि उनकी मृत्यु तक हुई है। भारत में आम धारणा के अंतर्गत हार्ट संबंधी बीमारियों को केवल हार्ट अटैक या फिर कार्डियक अरेस्ट तक ही सीमित करके देखा जाता है लेकिन हार्ट संबंधी बीमारियां केवल हृदय की गति का रुक जाना ही नहीं होता बल्कि ऐसी कई दूसरी समस्याएं भी होती हैं जिनका सीधा संबंधी हार्ट की सेहत से होता है।

ऐसी बीमारियों में रोगी को लक्षण महसूस होते हैं लेकिन उन्हें पता ही नहीं चल पाता है कि उन्हें हार्ट संबंधी बीमारी है और जब तक रोगी इलाज के लिए पहुंचे हार्ट को बहुत क्षति पहुंच सकती है। दरअसल, हृदय रोग केवल लाइफस्टाइल की ही नहीं बल्कि अन्य दूसरे पहलुओं से भी जुड़ी बीमारी है। बहरहाल, आइए जानते हैं हार्ट संबंधी ऐसी कौन सी बीमारियां हैं जिन पर सामान्य तौर हमारा ध्यान नहीं जाता और इसे हम केवल कॉलेस्ट्रॉल और लाइफस्टाइल से ही जोड़कर देखते हैं।



#### धमनियों में कॉलेस्ट्रॉल जमाव की बीमारी

इसे कोरोनरी आर्टरी डिसीज यानी की सीएडी कहा जाता है। यह बीमारी तेल, कॉलेस्ट्रॉल युक्त चीजें और गलत खान-पान व खराब लाइफस्टाइल के चलते होती है। ये बीमारी धमनियों, जिन्हें कोरोनरी धमनियां कहा जाता है जो दिल की धड़कन के पंप को सही रूप से रक्त पहुंचाने का काम करती है, उसमें बैड कॉलेस्ट्रॉल जमा होने के कारण होती है। सामान्य तौर पर हार्ट अटैक का कारण यही होता है।

#### हार्ट फेलियर या दिल का काम करना बंद कर देना

इसे आसान शब्दों में हार्ट फेल्योर कहा जाता है। हार्ट फेल्योर एक बीमारी है जिसमें हार्ट का पंप फंक्शन पहले धीमे-धीमे कमजोर हो जाता है और बाद में बंद हो जाता है जिससे शरीर के जरूरी हिस्सों में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है इससे व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है।



#### हाइपरटेंशन

हाइपरटेंशन इसे हाई ब्लड प्रेशर भी कहते हैं जिसके कारण भी हार्ट की फंक्शनिंग पर असर होता है। यह खतरनाक हो जाता है, क्योंकि यह कोरोनरी धमनियों को खराब करता है और हार्ट के जोड़ों को कमजोर कर देता है जिससे हार्ट को क्षति पहुंचती है और कई बार व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसके अलावा रैजमियोपैथी ऐसी बीमारी होती है, जिसमें हार्ट की धड़कन गति अनियमित हो सकती है। इसे दूसरे शब्दों में कहें तो हार्ट एक निश्चित समयावधि में उतनी बार नहीं धड़कता है जिसे नॉर्मल कहा जाता है। यह बीमारी गंभीर होती है और कई दूसरी समस्याओं का कारण बनती है।



#### कोर पल्पिटेशन

हार्ट की इस बीमारी में हार्ट की धड़कन बेहद तेज या असामान्य हो जाती है। कई बार रोगी को यह महसूस होता है उसकी हार्ट की गति बंद सी हो गई है। यह बीमारी कई बार दूसरी बीमारियों के साथ जुड़ती है। हार्ट की यह बीमारी वाल्व से जुड़ी होती है। हार्ट में दो वॉल्व होते हैं यदि उसमें से कोई एक खराब हो जाए या ठीक तरह से काम नही करे तो यह बीमारी होती है। इस बीमारी में धड़कन सही तरीके से काम नहीं करती है। कोर पल्पिटेशन में हार्ट की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। इसमें हार्ट की पंपिंग क्षमता कम हो जाती है जिससे हार्ट फेलियर का खतरा होता है।

---



## जन्मदिन पर आप भी तो नहीं करते हैं ज्योतिष से जुड़ी ऐसी गलतियां

हर व्यक्ति के लिए उसका जन्मदिन बहुत ही विशेष माना जाता है। इस दिन को यादगार बनाने के लिए वह कई तरह के काम करता है, ताकि शुभ फलों की प्राप्ति हो सके। सभी व्यक्ति के लिए उसका जन्मदिन बहुत ही विशेष होता है। जिसे उत्सव के रूप में पूरे विधि-विधान के साथ मनाया जाता है। इस दिन कई लोग केक काटकर, मोमबत्तियों को बुझाया जाता है और गुब्बारे फोड़े जाते हैं। वहीं कुछ लोग जन्मदिन के सुअवसर पर दीर्घायु की मंगलकामना के लिए दीपक जलाते हैं। ऐसी मान्यता है कि पूरे विधि-विधान के साथ जन्मोत्सव मनाने से आयु और आरोग्य की प्राप्ति हो सकती है और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

अब ऐसे में इस दिन कई ऐसे ज्योतिष नियम हैं, जिन्हें करने की मनाही होती है। जो बहुत ही अशुभ माना जाता है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित विजयकांत भट्ट से विस्तार से जानते हैं कि जन्मदिन पर किन गलतियों को करने से बचना चाहिए। जन्मदिन पर तामसिक भोजन का आहार करने से बचें



अक्सर ऐसा होता है कि लोग अपने जन्मदिन पर तामसिक भोजन खाते हैं और जश्न मनाते हैं, लेकिन इस दिन तामसिक भोजन भूलकर भी नहीं करना चाहिए। इसे बहुत ही अशुभ माना जाता है और व्यक्ति के जीवन में विभिन्न प्रकार की समस्याएं आने लग जाती है। इसलिए इस दिन तामसिक चीजों से दूर रहें।

#### जन्मदिन पर शराब पीने से बचें

जन्मदिन पर शराब भूलकर भी नहीं पीना चाहिए। कई लोग अपने जन्मदिन पर मांस-मदिरा का सेवन खूब करते हैं। जो बहुत ही अशुभ माना जाता है। इससे नकारात्मकता का संचार होता है और व्यक्ति को कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ सकती है।

#### जन्मदिन पर बाल और नाखून न काटें

जन्मदिन पर नाखुन और बाल भूलकर भी नहीं कटवाना चाहिए। इससे घर में कलह-क्लेश की स्थिति बनती है और सभी देवी-देवता (देवी-देवता मंत्र) भी क्रोधित हो सकते हैं। इसलिए अपने जन्मदिन पर इन बातों का खास ध्यान रखें।

जन्मदिन पर बड़े-बुजुर्ग और साधु का अपमान न करें

जन्मदिन पर बड़े-बुजुर्ग और साधु का अपमान भूलकर भी नहीं करना चाहिए। इससे देवी-देवता नाराज हो सकते हैं और व्यक्ति के कभी सफलता (सफलता मंत्र) की प्राप्ति नहीं हो सकती है। इसलिए अगर आपके घर पर कोई भी आए। उसका आदर सम्मान जरूर करें और दान अवश्य दें। इससे शुभ फलों की प्राप्ति हो सकती है।

#### जन्मदिन पर मोमबत्ती न बुझाएं

भारतीय सभ्यता में अग्नि को देवता माना गया है। इसलिए जन्मदिन पर फूंक मारकर मोमबत्ती को न बुझाएं। इससे नकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सकता है और देवी-देवता का भई अनादर होता है। इसलिए इस दिन कैंडल के बजाए घी की दीपक जलाएं। इसे बहुत शुभ माना जाता है।



---

## कायाकिंग एंड कैनोइंग खेल की अस्मिता लीग कल से



**रायपुर।** राजधानी के विवेकानद सरोवर बूढ़ापारा में दो दिवसीय अस्मिता लीग 2025 का आयोजन 16 और 17 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। जिसमे बालिका और महिला खिलाडी कयाकिंग और कैनोइंग में अपना दम दिखाएंगे। भारतीय कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ की ओर से आयोजित यह लीग खेलो इंडिया अभियान का हिस्सा है। यह भारतीय खेल प्राधिकरण और भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की ओर से समर्थित है। इस पहल का उद्देश्य महिला एथलीटों को पानी पर अपने कौशल, सहनशक्ति और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

## रोलर स्केटिंग में वीएएस का शानदार प्रदर्शन



**रायपुर।** 18वीं छत्तीसगढ़ स्टेट रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में वासुम्ब आर्ट स्कूल (वीएएस) के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इनमें प्रतिभाशाली स्केटर्स रेयांश, आरव और प्रत्युश ने पूरे जोश और समर्पण के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। इनमें रिंक रेस केपीएस सरोना तथा रोड रेस आईपी सर्किट क्लब नया रायपुर में हुई। विशेष रूप से रेयांश ने अपनी लगन और दृढ़ निश्चय से रिंक रेस में द्वितीय स्थान तथा रोड रेस में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उनके कोच अरूणदेव सिंघानिया (रूद्र) ने बताया कि सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और आने वाले समय में ये सभी गोल्ड की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया जिनके सहयोग से यह सफलता संभव हुई।

## होटल में क्यों हमेशा सफेद प्लेट्स में सर्व होता है खाना

होटलों में अक्सर खाना सफेद रंग की प्लेट में परोसा जाता है। क्या आपको पता है कि होटलों में सिर्फ सफेद प्लेट्स का उपयोग क्यों होता है। इसके पीछे कई कारण है, जिससे होटल वालों को बड़ा फायदा होता है।

#### विजुअल अपील



सफेद प्लेट का उपयोग करने का सबसे बड़ा कारण यह है कि यह रंगीन भोजन के साथ एक अलग कंट्रास्ट प्रदान करता है। सफेद रंग एक स्टेबल बैकग्राउंड के रूप में काम करता है, जिससे खाने का जीवंत रंग उभर कर सामने आता हैं। यह कंट्रास्ट डिश की विजुअल अपील को बढ़ाता है, जिससे यह खाने वाले के लिए अधिक आकर्षक बन जाता है। ग्रीन सलाद, स्पाइसी स्टीक या मलाईदार पास्ता के बारे में सोचिए जो एक पैटर्न वाली या रंगीन प्लेट पर परोसा जाता है। भोजन भले ही स्टैंड आउट न करे, लेकिन प्रेजेंटेशन मायने रखती है। ऐसा माना जाता है कि खाने वाला पहले आंखों से भोजन का मजा लेता है, इसलिए खाने को वाइब्रेंट दिखाने के लिए व्हाइट प्लेट्स इस्तेमाल होती हैं।

#### पोर्शन कंट्रोल को करता है हाईलाइट

डाइनर्स पोर्शन कंट्रोल को कैसे समझते हैं, इसे भी सफेद प्लेटें बहुत ही सटल रूप से प्रभावित कर सकती हैं। चूंकि प्लेट पर पैटर्न या डिजाइन से कोई ध्यान डिस्ट्रैक्ट नहीं होता है, इसलिए भोजन का आकार और मात्रा केंद्र में होती है। रेस्तरां बहुत ही सावधानी से भाग के आकार को नियंत्रित करते हैं और सफेद प्लेट पूर्णता का भ्रम बनाए रखने में मदद करती है, जबकि यह सुनिश्चित करती है कि रेस्तरां जरूरत से ज्यादा न परोस दे, जिससे प्रेजेंटेशन के साथ उन्हें प्रोफिट भी होता है।

#### होटल के मेन्यू और फूड से जुड़े सीक्रेट्स

सफेद प्लेट का उपयोग रणनीतिक है। इसके अलावा ऐसे कई सीक्रेट्स भी हैं, जो आपको पता नहीं होंगे। फूड और मेन्यू को लेकर भी होटल में ऐसे रूल्स का पालन होता है, जहां प्रोफिट उन्हीं को पहुंचता है।

---

कार्नर न्यूज

### हाथों की तरह तलवे भी बहुत कुछ बयां करते हैं, आपको आना चाहिए पढ़ना

# आपके तलवे गवाही देते हैं करियर और भविष्य की, इनकी बनावट में छिपा है किस्मत का राज

ज्योतिष शास्त्र में हाथों और पैरों की लकीरों में भी हमारी किस्मत और भविष्य से जुड़ी कुछ बातें छिपी होती। हैं। आपने अक्सर लोगों को ये कहते हुए सुना होगा कि हाथों की लकीरें आपकी तकदीर बदल सकती हैं, लेकिन सिर्फ हाथ ही नहीं बल्कि आपके तलवे में भी कुछ लकीरें होती हैं जो आपके आने वाले समय और आपकी पर्सनैलिटी का पता चलता है।

#### क्या कहता है फुट रीडिंग का विज्ञान

यह रिफ्लेक्सोलॉजी का एक विस्तार है और माना जाता है कि यह स्वास्थ्य के मुद्दों, भावनात्मक कल्याण और व्यक्तित्व प्रकार को प्रकट करता है। फुट रीडिंग विशेषज्ञों का मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति के पास एक पुरुष और एक महिला के पैर होते हैं, जिसमें दायां एक पुरुष के रूप में कार्य करता है और बाएं एक महिला के रूप में माना जाता है।

#### पैर की बनावट बताती है स्वभाव



विशेषज्ञों का मानना हैं कि आपके पैरों के तलवों से आप किसी भी व्यक्ति के स्वभाव के बारे में जान सकते हैं। इसमें कुछ ख़ास बातें ध्यान देनी चाहिए। आइए जानें क्या हैं वो बातें –

यदि आप अपने तलवे की गद्दी के बीच खड़ी रेखाएं देखते हैं तो आप शायद आत्म-सम्मान में कम महसूस कर सकते हैं। पैरों के तलवे की रेखाएं यदि तिरछी हैं तो ये आपके अनिर्णय को दर्शाती हैं। ऐसे लोग किसी भी बात के लिए दृढ़ नहीं हो पाते हैं और अपने निर्णय लेने में देरी करते हैं।

नैरो हील्स का मतलब है कि आपको ज्यादा सुरक्षा की जरूरत है और आप कई बातों के लिए दूसरों पर निर्भर हैं। यदि आपके पैर के उत्तर से दक्षिण तक लंबी लाइन है तो आप अपने आप पर बहुत अधिक दबाव डाल रहे हैं। वास्तव में यदि आप किसी चीज़ के बारे में अनिर्णायक हैं या अपने जीवन के किसी पहलू में संघर्ष कर रहे हैं, तो एक फुट रीडिंग आपकी दुविधा को दूर कर सकती है।



#### पैरों की रेखाओं में छिपी है किस्मत

फुट रीडिंग में तलवे में कुछ ऐसी रेखाएं होती हैं जो पैर के तलवों की बनावट और उनमें बने निशान के आधार पर भविष्य के बारे में बताते हैं। ऐसा माना जाता है कि जिन लोगों के तलवे दिखने में नरम होते हैं और इसमें कम रेखाएं दिखती हैं वो ज्यादा भाग्यशाली होते हैं। ऐसे लोगों पर लक्ष्मी की कृपा ज्यादा होती है। जिन लोगों के तलवे में तिरछी रेखाएं होती हैं और अस्त व्यस्त नजर आती हैं उनके जीवन में समस्याएं ज्यादा होती हैं। जिन लोगों के तलवे सपाट होते हैं वो मेहनती होते हैं और विचारों से खुले होते हैं। ऐसे लोग दूसरों की हमेशा मदद करते हैं इसलिए लोगों के बीच में प्रसिद्धि पाते हैं। यदि पैर के तलवे में चक्र, कमल के फूल या शंख नजर आए तो आप जीवन में बहुत ज्यादा प्रसिद्धि पाएंगे और कुछ बड़े स्थानों में कार्यरत होंगे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्विफ्ट ने बिगाड़ा 'द स्मैशिंग मशीन' का खेल, एक्टर का छलका दर्द



हॉलीवुड के सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन के फैंस को उनकी नई फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन ओपनिंग वीकेंड पर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वह कमाल नहीं दिखा पाई जिसकी उम्मीद की जा रही थी। लगभग 50 मिलियन डॉलर यानी 415 करोड़ के बजट में बनी इस खेल-आधारित ड्रामा फिल्म ने पहले तीन दिनों में सिर्फ 6 मिलियन डॉलर यानी 4.98 करोड़ की कमाई की। ड्वेन जॉनसन और एमिली ब्लंट की मुख्य भूमिकाओं वाली फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' को रिलीज से पहले जबरदस्त चर्चा मिल रही थी। इस फिल्म का प्रीमियर वेनेस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था, जहां निर्देशक बेनी सैफ्डी को बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार भी मिला था। फेस्टिवल में इस फिल्म को 15 मिनट तक खड़े होकर सराहना मिली थी। लेकिन थिएट्रिकल रिलीज के बाद नतीजे उम्मीदों के उलट रहे। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की ओपनिंग कमाई 20 मिलियन डॉलर यानी 16.6 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन यह आंकड़ा सिर्फ 6 मिलियन पर सिमट गया। फिल्म तीसरे स्थान पर रही, जबकि पहले स्थान पर टेलर स्विफ्ट की अचानक रिलीज हुई कॉन्सर्ट फिल्म 'द ऑफिशियल रिलीज पार्टी ऑफ ए शो गर्ल' ने कब्जा जमाया, जिसने 33 मिलियन डॉलर यानी 27.39 करोड़ बटोरे। दूसरे स्थान पर लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' 10.3 मिलियन डॉलर यानी 8.55 करोड़ की कमाई की। बॉक्स ऑफिस के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद ड्वेन जॉनसन ने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया।

### टॉलीवुड

## 'कत्लनः द हंटर' का पोस्टर हुआ जारी, एंटोनी वर्गीज का खतरनाक लुक आया सामने



मलयालम सिनेमा के उभरते हुए सितारे एंटोनी वर्गीज एक बार फिर चर्चा में हैं। उनकी अपकमिंग एक्शन फिल्म 'कत्लन- द हंटर' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया गया है और इसे देखकर फैंस के बीच हलचल मच गई है। इस पोस्टर में एंटनी को एक बेहद इंटेंस और पहले कभी न देखे गए लुक में दिखाया गया है- चेहरा खून से लथपथ और आंखों में गुस्सा। 11 अक्टूबर को जन्मदिन पर एंटोनी वर्गीज के लिए मेकर्स ने यह पोस्टर रिलीज किया। सोशल मीडिया पर इसे शेयर करते हुए टीम ने उन्हें विश करते हुए लिखा, 'हेपी बर्थडे चैंप'। फैंस ने भी इस पोस्टर को लेकर सोशल मीडिया पर बधाइयों और तारीफों की झड़ी लगा दी।'कत्लन- द किलर' का निर्देशन कर रहे हैं डेब्यू डायरेक्टर पॉल जॉर्ज, जो इस फिल्म से मलयालम इंडस्ट्री में अपनी पारी शुरू कर रहे हैं। यह फिल्म हाथीदांत की तस्करी की पृष्ठभूमि पर आधारित बताई जा रही है और इसमें एंटनी को एक रफ-टफ, एक्शन हीरो के रूप में पेश किया गया है। कहानी में एक्शन के साथ-साथ ग्रे शेड्स वाला ड्रामा भी देखने को मिलेगा। मेकर्स का दावा है कि फिल्म का हर फ्रेम दर्शकों को 'ग्लोरियस विजुअल एक्शन' का अनुभव देगा। हाल ही में खबर आई थी कि एंटनी को फिल्म की शूटिंग के दौरान चोट लग गई। थाईलैंड में फिल्माए जा रहे एक बड़े एक्शन सीन में वह एक हाथी से जुड़ी स्टंट सीक्वेंस के दौरान घायल हो गए थे। डॉक्टरों की सलाह पर शूट को दो हफ्तों के लिए रोका गया है ताकि एक्टर पूरी तरह से रिकवर कर सकें। इसके बावजूद, टीम ने पोस्टर रिलीज का वादा निभाया और तय तारीख पर पहला लुक फैंस के सामने लाया। फिल्म का संगीत तैयार कर रहे हैं अजनीश लोकनाथ, जिन्होंने 'कांतारा' जैसी सुपरहिट फिल्म के लिए म्यूजिक दिया था। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि फिलहाल फर्स्ट लुक के साथ थीम म्यूजिक रिलीज नहीं किया गया है क्योंकि वह दूसरे प्रोजेक्ट में बिजी हैं।

### भोजपुरी

## बीते दशक की एक फिल्म से पवन और खेसारी दोनों बने थे हीरो



पवन सिंह और खेसारी लाल यादव दोनों ही भोजपुरी सिनेमा का काफी बड़ा नाम हैं. हालांकि, स्टारडम को लेकर दोनों ही एक्टर्स आमने-सामने दिखते हैं। लेकिन साल 2014 में आई फिल्म में दोनों पहली बार साथ नजर आए थे। भोजपुरी सिनेमा के कई उभरते सितारे हैं, लेकिन इस इंडस्ट्री में कुछ एक्टर्स ऐसे हैं, जो फिल्मों और गाने दोनों के ही मामले में टॉप की जगह रखते हैं। इन सितारों में पवन सिंह और खेसारी लाल यादव का नाम शामिल है। हालांकि, दोनों ही टॉप एक्टर्स में शामिल हैं। इसी वजह से दोनों फिल्मों और गानों को लेकर एक-दूसरे के आमने सामने ही रहते हैं। लेकिन, 11 साल पहले आई एक फिल्म में पहली और आखिरी बार दोनों ने साथ काम किया था। पवन सिंह और खेसारी लाल यादव दोनों ही भोजपुरी सिनेमा के बड़े सितारे हैं. यहां तक कि दोनों ही एक्टिंग के साथ बतौर सिंगर भी काफी लोगों के दिलों में जगह बना चुके हैं। अपने गानों के जरिए दोनों स्टार्स ने भोजपुरी सिनेमा में ही नहीं बल्कि बॉलीवुड में भी जलवा बिखेरा है। फिल्म करियर की बात करें, तो दोनों ही एक्टर्स की शुरुआत में काफी अंतर है। जहां पवन सिंह ने साल 2004 में अपना सफर शुरू किया था, तो वहीं खेसारी लाल ने 2012 में करियर शुरू किया था। लेकिन, 2014 में आई फिल्म 'प्रतिज्ञा 2' में पवन सिंह और खेसारी लाल यादव को एक साथ हीरो के तौर पर देखा गया था। दोनों ने एक-दूसरे की भाई की भूमिका निभाई थी।

लाइफ स्टाइल



### मौसम का जादू

ठंड अब दस्तक दे चुकी है और ऐसे में स्टाइलिश स्किनी जींस और स्टेटमेंट कोट से लेकर क्लासिक कश्मीरी स्वेटर और टर्टलनेक टॉप तक ट्रेंड करने लग गए हैं। इस मौसम के ज़रूरी कपड़े तापमान की तरह ही ठंडे हैं। स्किनी जींस सर्दियों के लिए एकदम सही हैं क्योंकि इनका आकर्षक आकार आपको गर्माहट के लिए ऊपर से कई चीज़ें पहनने की सुविधा देता है।

## अगर आपकी स्किन है ऑयली तो न करें ये काम, हो सकता है नुकसान



समर सीजन में स्किन की सबस ज्यादा केयर करनी पड़ती है। दरअसल, इस सीजन में धूप की वजह से पसीना आता है और पसीने की वजह से स्किन से जुड़ी समस्या शुरू हो जाती है। वहीं जिन लोगों की स्किन ऑयली है उन्हें सबसे ज्यादा इस मौसम में अपनी स्किन की केयर करनी पड़ती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में ऑयली स्किन होने के कारण और पसीने की वजह से दाने और मुहांसों की समस्या पैदा हो जाती है। ऐसे में जरुरी है इस मौसम में स्किन की केयर करना ताकि स्किन से जुड़ी कोई भी समस्या पैदा न हो साथ ही स्किन को कोई नुकसान न हो। इस आर्टिकल में हम ऑयली स्किन वाले लोगों को कुछ जरुरी बातें बताने जा रहे हैं जो ऑयली स्किन वाले लोगों को समर सीजन में नहीं करनी चाहिए।

### सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

कई महिलाएं चिपचिपी त्वचा होने की वजह से सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करती हैं लेकिन ऐसा करना गलत है। समर सीजन में सनस्क्रीन का जरुर इस्तेमाल करें ताकि धूप की वजह से स्किन को होने नुकसान को बचाया जा सकें।वहीं आपकी स्किन के लिए किस तरह कासनस्क्रीनसही रहेगा इसके लिए आप डॉक्टर या एक्सपर्ट की मदद ले सकती हैं।

### चेहरे को करें मॉइस्चराइज

ऑयली स्किन वाली महिलाएं समर सीजन में मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी शिकायत रहती हैं कि मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करने से चेहरा चिपचिपा होने लगता है लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए। मौसम कोई भी स्किन को जरूर मॉइस्चराइज करें। वहीं आपकी स्किन के लिए किस तरह का मॉइस्चराइजर सही रहेगा इसके लिए आप किसी डॉक्टर या एक्सपर्ट से टिप्स ले सकती हैं।

### हार्ड स्क्रब का न करें इस्तेमाल

कई महिलाएं इस मौसम में स्किन को साफ करने के हार्ड स्क्रब का इस्तेमाल करती हैं लेकिन ऐसा करना भी गलत हैं। हार्ड स्क्रब का इस्तेंमाल करने से जहां स्किन से जुडी समस्या पैदा हो सकती हैं तो वहीं स्किन की नुकसान भी हो सकता हैं।

## फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट हैं चलन में, खरीदने से पहले देखें इन लुक्स को



इस बदलते मौसम में ज्यादातर लोग अपने लुक को लेकर काफी चिंतित रहते हैं, क्योंकि ये ऐसा मौसम होता है, जिसमें अगर सही कपड़ों का चुनाव न किया जाए तो आपके कपड़े ही आपको परेशान कर सकते हैं। जिस तरह से हम सर्दी के मौसम में कुछ भी पहनकर अपना जलवा बिखेरते रहते हैं, वैसा इस उमस भरी गर्मी के मौसम में चाहकर भी नहीं कर सकते। दरअसल, अभी ठंड का मौसम पूरी तरह आया नहीं है और बारिश गई नहीं है। ऐसे में गर्मी बरकरार है।



ऐसे में अपने कलेक्शन में फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट को शामिल जरूर करें। फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट ज्यादातर हल्के रंग से ही बने होते हैं, जो इस मौसम के लिए परफेक्ट रहते हैं। इन्हें खरीदने के लिए आपको ज्यादा रुपये खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि ये ज्यादा महंगे नहीं आते।

**साड़ीः** साड़ी तो हर महिला का पसंदीदा परिधान होती है। ऐसे में आप चाहें तो अपने लिए ऐसी फ्लोरल प्रिंट की साड़ी खरीदें। अगर फ्लोरल प्रिंट की साड़ी शिफॉन प्रिंट में है तो ये आपको काफी आराम पहुंचाएगी। शिफॉन का साड़ी काफी हल्की होती है। ऐसे में आप आराम से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**अनारकली सूटः** अगर गर्मी के मौसम में कहीं कोई पार्टी अटैंड करनी है तो बिना देर किए इस तरह का फ्लोरल प्रिंट का अनारकली सूट अपने लिए तैयार कराएं। इस तरह का अनारकली सूट गर्मी में आपको अलग और खूबसूरत दिखने में मदद करेगा।


**मैक्सी ड्रेसः** बहुत सी लड़कियों को मैक्सी ड्रेस पहनना पसंद होता है। ऐसे में आप कियारा आडवाणी की जैसी खूबसूरत मैक्सी ड्रेस अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। ये आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगी।

**स्लिट ड्रेसः** अगर शॉर्ट ड्रेसेस नहीं पसंद हैं तो आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंट की स्लिट ड्रेस अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं। ये आपके लुक को ग्लैमरस दिखने में मदद करेगी। आप इसे पहनकर गर्मी में पारा और ज्यादा बढ़ा सकती हैं।

**शॉर्ट ड्रेसः** अगर कहीं घूमने जा रही हैं तो अपने कलेक्शन में ऐसी फ्लोरल प्रिंट की शॉर्ट ड्रेस जरूर कैरी करें। ये काफी आरामदायक होती है। साथ ही में अगर आप इस तरह की फ्लोरल प्रिंट की ड्रेस अपने लिए खरीदेंगी तो आपका लुक भी कूल दिखेगा।

## हरे रंग की चूड़ियों के साथ कंगन सेट बढ़ाएंगे आपके हाथों की शोभा, देखें नए डिजाइंस

हाथों के आकार के हिसाब से कंगन और चूड़ियों के डिजाइन को चुनना चाहिए। इसके लिए आप खुद भी कस्टमाइज करके अलग-अलग रंग चुन सकती हैं।



### फैंसी कंगन के साथ हरी चूड़ियां

आजकल कई तरह के डिजाइन में आपको कंगन के सेट देखने को मिल जाएंगे। इसमें आजकल लटकन वाले मीनाकारी डिजाइन के हैवी कंगन को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इस तरह के कंगन आप चूड़ियों के बीच में सिंगल-सिंगल भी पहन सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह के कंगन में लटकन खुद कस्टमाइज करके भी लगवा सकती हैं।

### गोल्डन कंगन के साथ हरी चूड़ियां

गोल्डन कलर देखने में सबसे रॉयल लुक देने में मदद करता है। इसमें आप प्लेन चूड़ियों से लेकर अलग-अलग डिजाइन के कुंदन वर्क के कंगन को साथ में जोड़कर चूड़ियों का सेट बना सकती हैं। देखने में इस तरह के कंगन सेट आपके हाथों को काफी हैवी लुक देने में मदद करेगा। खासकर भारी हाथों पर इस तरह के चूड़ी सेट बेस्ट नजर आते हैं।

### लाल कंगन के साथ हरी चूड़ियां

लाल और हरे रंग के कालो कॉम्बिनेशन को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। इसमें आपको मिरर वर्क से लेकर कुंदन डिजाइन तक में काफी तरह के अलग-अलग डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे। इसमें आप चौड़े डिजाइन के लाल कंगन के साथ में कई साड़ी हरी चूड़ियां मिलाकर सेट बना सकती हैं।

## पैरों की खूबसूरती के लिए ही नहीं इसलिए भी जरूरी होता है पेडिक्योर

अक्सर लोग बदलते मौसम के साथ अपनी त्वचा का ध्यान रखना शुरू कर देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे स्किन अच्छी रहती है। साथ ही, हम खूबसूरत नजर आते हैं। लेकिन पैरों की खूबसूरत भी उतनी ही जरूरी होती है, जितनी चेहरे की। इससे हमारे पैर हेल्दी रहते हैं। साथ ही, स्किन से जुड़ी प्रॉब्लम कम होती है। इसके ऐसे कई सारे फायदे हैं, जिसे जानकर आ भी पेडिक्योर करवाना शुरू कर देंगे। चलिए आपको बताते हैं, इन तरीकों के बारे में।



### पेडिक्योर से सही होती है डैमेज स्किन

अगर आपकी स्किन ज्यादा डेड नजर आ रही है। इसकी वजह से आपको फंगल इंफेक्शन हो रहा है, तो ऐसे में आप पेडिक्योर कराएं। इसे करवाने से आपके पैरों की डेड स्किन प्रॉब्लम कम हो जाएगी। साथ ही, अगर आपकी एडियां फट रही हैं या क्रेक आ रहे हैं, तो वो धीरे-धीरे कम हो जाएंगे। इसलिए भी आपको इसके जरूर करवाना चाहिए। इसके लिए आप फिश या नॉर्मल पेडिक्योर करा सकती हैं।

### पेडिक्योर से साफ हो जाते हैं नाखून

अगर आपको लगता है कि आपके पैरों के नाखूनों के पास गंदगी ज्यादा हो गई है, तो इसके लिए जरूरी है कि आप पेडिक्योर करवाएं। इसे करवाने से आपके पैर साफ हो जाएंगे। साथ ही आपके नाखूनों पर जमा एक्स्ट्रा मैल भी साफ हो जाएगा। साथ ही, उनकी लाइफ भी बढ़ जाएगी। सफाई करवाने से वो जल्दी नहीं टूटेंगे। इसके बाद आप इसमें नेल आर्ट करा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### जाने-अंजाने ड्रेसिंग में होने वाली चूक से असर पड़ता है आपके लुक पर

## ड्रेसिंग का सीधा संबंध होता है आपके कद से फेरबदल से आप दिख सकते हैं लंबे या ठिगने

हाइट कम होना कोई खराब बात नहीं है। लेकिन गलती करके ऐसी ड्रेसिंग करना जिससे हाइट कुछ ज्यादा ही कम लगे ये भी सही नहीं है। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी ड्रेसिंग में वो खास गलतियां बाहर कर दें जो आपको जरूरत से ज्यादा छोटा दिखाती हैं। इन गलतियों को पहचान कर अपनी हाइट को ज्यादा दिखाया जा सकता है। इन गलतियों को पहचान लीजिए ताकि आपको अपना बेस्ट लुक मिल सके। चलिए इन गलतियों को पहचान लीजिए-

### ओवरसाइज़ जैकेट

आपको हाइट को ज्यादा महसूस कराना हो तो ओवरसाइज़ जैकेट या दूसरे बैगी कपड़ों से भी दूरी बनानी होगी। बैगी और ढीले कपड़े कम हाइट का इल्यूजन देते हैं। इसमें पैर छोटे महसूस होते हैं।

### जींस की लंबाई



जींस की लंबाई कितनी है? हाइट को ठीक ठाक दिखाने के लिए ये जानना जरूरी है। अगर जींस के नीचे कुछ हिस्से की यूंहीं लेयर बन रही हैं तो आपको इसे तुरंत कटा लेना चाहिए। कटा नहीं सकते हैं तो इन्हें कम से कम एंकल तक फोल्ड कर लें। इसकी फिटिंग पर भी ध्यान दें।

### हील वाले जूते

अगर आपकी स्टाइल में हील वाले जूते शामिल है तो आपको इन्हें ना कर देना चाहिए। इसके साथ हैवी सोल वाले जूते भी नहीं चलेंगे। आप सोच रहे होंगे हील वाले जूतों में क्या दिक्कत है? दिक्कत है। दरअसल इसमें आपके पैर छोटे दिखते हैं।

### भारी एसेसरीज

अगर आपको भारी एसेसरीज जैसे टाई और घड़ी पहनना पसंद है तो इनको भी लुक से निकाल दीजिए। आपको पतली टाई पहननी होगी, इसके साथ आपको पतले स्ट्रेप वाली घड़ी भी पहननी होगी।

गलत लेयरिंग

लेयरिंग करना फैशन का हिस्सा है लेकिन इसे सही तरीके से किया गया हो तब ही अच्छा रहेगा। अगर लेयरिंग का हर कपडा अलग रंग का है तो मामला सही नहीं बैठेगा। लेयरिंग को एक ही कलर पैलेट में पहनें तो अच्छा रहेगा। इसके साथ प्रिंट न चुनें और सॉलिड रंगों का चुनाव करें।

